तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025





13 किसानों को दोहरी मार-हरुना धान तैयार, सरोना में फूल, ऐसे में माहो, तनाछेदक और बैक्टीरिया का अटैक









## खबर संक्षेप

### घर से युवती लापता परिजनो ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

दुर्ग। पुलगांव थाना अंतर्गत रहने वाले परिजनों ने अपनी 19 वर्षीय बेटी के लापता होने की सूचना दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 10वीं तक पढ़ी है और छत्तीसगढ़ी बोलती है। वो 10 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे घर से बिना किसी को कुछ बताए निकली थी। उसके बाद से घर वापस नहीं आई है। उन्होंने आस पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां पता किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उन लोगों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है।

### सांसद खेल महोत्सव कल से रिसाली में

**भिलाई।** रिसाली मंडल के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव 14 एवं 15 अक्टूबर को रिसाली सेक्टर दशहरा मैदान में सुबह 8 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन में 20 वार्ड से खिलाड़ी शामिल होंगे। सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर व सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर उपस्थित रहेंगे।

### ज्वेलरी शाप में चोरी के आरोपी पकड़ाए, 6 लाख के जेवरात बरामद



**खैरागढ़।** ज्वेलर्स एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान का ताला तोड़कर गत दिवस अज्ञात चोरों ने लगभग 6 लाख रुपए के चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी एवं दो बालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा, एएसपी नीतेश गौतम, एसडीओपी ममता शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 एवं 9 अक्टूबर के मध्य रात्रि में सोनी ज्वेलर्स एवं इलेक्ट्रानिक्स दुकान छुईखदान के ताला को तोड़कर चांदी के जेवरात कुल कीमती 6,00000 रुपए को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट प्रार्थी परमेश्वरराम सोनी 45 साल निवासी कोटरा थाना छुईखदान हाल ग्राम श्यामपुर ने 9 अक्टूबर को दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया था। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### वर्तमान में केवल 80 बिस्तर की चल रही है सुविधा

# तीन करोड़ की लागत से सिविल अस्पताल सुपेला की नई ओपीडी हुई तैयार, 100 बिस्तर की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तीन करोड़ की लागत से शासकीय लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला की नई ओपीडी बनकर तैयार हो गई है। नई ओपीडी में मरीजों को जांच करवाने में आसानी होगी। वहीं अस्पताल का विस्तारीकरण करते हुए अब 100 बिस्तर की सुविधा भी होगी। वर्तमान में इस हॉस्पिटल में जगह की कमी है और 80 बिस्तर की भर्ती सुविधा मरीजों को मिल पा रही है। यानी 20 बिस्तर यहां और बढ़ जाएंगे।



#### इस तरह की समस्या से मिलेगी राहत

सिविल अस्पताल सुपेला में रोजाना 550 मरीजों की ओपीडी है। पुराने ओपीडी में जगह इतनी कम है कि मरीजों की लंबी लाइन बरामदे तक आ जाती है। सभी विभागों की ओपीडी एक साथ चलने की वजह से एक विभाग से दूसरे विभाग में जाने के लिए मरीजों की कतार को हटाकर जाना पड़ता है। एक्सरे और पैथालॉजी एक जगह पर है। यहां पर मरीजों की भीड़ सी जमा हो जाती है।



#### बैठकर कर सकेंगे मरीज अपनी बारी का इंतजार

नई ओपीडी के सामने मरीजों के बैठने के लिए चेयर भी लगाए गए हैं। प्रत्येक ओपीडी कक्ष के सामने ही ये स्टील के चेयर लगाए गए हैं। इससे मरीजों को लंबे समय तक लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मरीज आराम से बैठ सकेंगे और जांच करवाएंगे।

#### 10 कमरों की रहेगी नई ओपीडी

सिविल अस्पताल सुपेला की नई ओपीडी में 10 कमरों का निर्माण किया गया है। इन कमरों में मेडीसीन ओपीडी चलेगी। वर्तमान में मेडीसीन ओपीडी जाने के लिए मरीजों को एक्सरे व पैथालॉजी के मरीजों को पार कर आना-जाना पड़ता है। जनरल ओपीडी एक कमरे में चलेगी। वर्तमान में जनरल ओपीडी और स्त्री रोग चिकित्सकों की ओपीडी आजू-बाजू में है। जिसकी वजह से बरामदे तक लंबी लाइन लगी रहती है। ये दोनों ओपीडी अब नए भवन में शिफ्ट की जाएगी। नेत्र ओपीडी, आर्थो, शिशु रोग और माइनर सर्जरी की ओपीडी भी अब नए कमरे में चलेगी।

#### दवाई भी नए भवन में मिलेगी

अस्पताल में नई ओपीडी भवन से लगा दवा वितरण केंद्र भी बनाया गया है। मरीज डॉक्टरों से जांच करवाएगा और दवा वितरण केंद्र से दवाई लेकर घर जाएगा। पुराने भवन के भीतर भी दवा वितरण केंद्र हैं लेकिन यहां जगह के अभाव में मरीजों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। यहां तीन स्टॉफ भी दवा वितरण करते हैं लेकिन उनके बैठने के लिए ही जगह कम पड़ जाती है। इसके अलावा एक स्टॉफ एंट्री के लिए बिठाया गया है।

#### 20 बिस्तर बढ़ने से रेफर मामले होंगे कम

सिविल अस्पताल सुपेला वर्तमान में 80 बिस्तर का चलाया जा रहा है। इसे 100 बिस्तर बनाने की घोषणा के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भर्ती सुविधा बढ़ाने की हिदायत दी थी। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी हो रही है। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत मोतियाबिंद वाले मरीजों की भती की जा रही है। नसबंदी प्रकरणों की भर्ती की जाती है। डायरिया, उल्टी-दस्त जैसे संक्रामक रोगों के मरीज भी भर्ती किए जाते हैं। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों से और हाइवे होने की वजह से दुघर्टनाग्रस्त लोग यहां इलाज के लिए आते हैं। जिसकी वजह से कमरे कम पड़ जाते हैं और मरीजों को रेफर करना पड़ता है। 20 बिस्तर की सुविधा और बढ़ने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

#### नई ओपीडी तैयार

नई ओपीडी बनकर तैयार हो गई है। मरीजों की जांच के बाद दवाई भी यहीं से मिल जाएगी। पुराने भवन में भर्ती सुविधा 20 बिस्तर की बढ़ जाएगी। इस तरह कुल 100 बिस्तर की सुविधा यहां मरीजों को मिलेगी। त्योहार के बाद वैशालीनगर विधायक से चर्चा कर इसके उद्घाटन की तिथि तय की जाएगी। - **डॉ. पियम सिंह,** प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

## चंद घण्टों के भीतर सुलझी अन्धे कत्ल की गुत्थी, तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग में एक दिन पहले हुई अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में एक अपचारी बालक सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पूछताछ में उन्होंने हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि 11 अक्टूबर को भरत यादव पिता शिव प्रसाद यादव (28 वर्ष) निवासी शिव पारा विजय दाल मील के पिछे वार्ड 33 दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई अनिल यादव 10 अक्टूबर की रात 11 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से बिना बताए निकला था। इसके बाद वो रात में घर नहीं लौटा। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे पंचशील नगर बिजली ऑफिस के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव का पड़ा हुआ मिलने की सूचना मिली। जब वो लोग वहां जाकर देखे तो उनकी काल रंग की स्कूटी वहां खड़ी और शव भी उसके बड़े भाई अनिल यादव का था। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि अनिल के सिर में गहरी चोट है, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की कई टीम लगाई गई। घटना स्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की तीन संदेहियों को घटना की रात अनिल के साथ देखा गया था।

पुलिस ने तीनो संदेहियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उनका अनिल से शराब और सिगरेट पीने की बात को लेकर झगड़ा हुआ था। गुस्से में आकर उन्होंने अनिल का सिर बल्ली में पटक दिया जब वो गिर गया तो पास पड़े पत्थर से उसके सिर में कई वार किए। इससे वो मर गया। इसके बाद वो लोग वहां से भाग गए। आरोपियों की पहचान साहिल टंडन उर्फ भोको निवासी पंचशील नगर दुर्ग और भुवन साहू (18 वर्ष) निवासी पंचशील नगर दुर्ग व एक नाबालिग लड़के के रूप में हुई है।

## मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग पुलिस को मोबाइल दुकान में चोरी करने के प्रकरण में सफलता मिला है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान जब्त किया है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमरूद लाल ब्यास पिता कुन भाई ब्यास (48 साल) निवासी सरकारी बैंक के पीछे नगपुरा चौकी ने बीते 11 अक्टूबर को चौकी नगपुरा में उसकी मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि अज्ञात आरोपी उसकी दुकान में लगे शटर के सेंटर लाक को तोड़कर अंदर से विभिन्न कंपनी के 14 मोबाईल और स्क्रीन गार्ड 1 पैकेट कीमती करीबन 150000 रुपए चोरी करके ले गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें पता चला कि बीते 10 अक्टूबर की रात 8 बजे से लेकर अगली सुबह 6 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामलें में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदेह के आधार पर संदेही विजय यादव (19 साल) निवासी नगपुरा, टोमन साहू उर्फ डायमंड (18 साल) निवासी सिकोला बस्ती थाना मोहन नगर और घटना में शामिल एक अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने उनके पास से 4 मोबाईल और 1 पैकेट स्क्रीन गार्ड कीमती करीबन 1 0 हजार रुपए के साथ चोरी की घटना में उपयोग किए गए दो लोहे के रॉड और बाइक को जब्त किया है।

## ट्रक से कुचली महिला मामले में आक्रोश फिर किया ग्रामीणों ने हाइवे में चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के पुलगांव थाना अंतर्गत चंदखुरी गांव में ट्रक से महिला को कुचलने के मामले में रविवार को फिर आक्रोश पनप गया। लोगों ने हाइवे पर फिर से चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि महिला की पहचान उत्तर साहू पति लेख राम साहू (37 वर्ष) के रूप में हुई है। वो चंदखुरी स्थित जिंदल राइस मिल में काम करती थी। शनिवार शाम को करीब 5 बजे कचरा फेंकने के लिए कंपनी के गेट से बाहर निकाली ही थी, कि तभी सड़क पर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उत्तर साहू को कुचल दिया। इस हादसे में महिला कर्मी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया।

## दुर्ग पुलिस ने 41 लाख रुपए के गुम मोबाइल खोजकर निकाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग जिले में बढ़ते गुम मोबाइल के केस के बीच खुशी की बात यह रही कि दीपावली का त्योहार से पहले दुर्ग पुलिस ने 201 गुम हुए मोबाइल फोन को रिकवर करके उनके मालिकों तक प हुंचाया। दुर्ग एसीसीयू ने 41 लाख रुपए के मोबाइल फोन खोजकर निकाला है।

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मोबाईल गुमने की रिपोर्ट प्रार्थियों द्वारा थानो में लगातार दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट यानि एसीसीयू को गुम हुये मोबाईलों को खोजकर संबंधित मोबाईल स्वामियों को वितरण करने हेतु लगाया। साल 2024-2025 के गुमे हुये मोबाईलों से संबंधित आवेदन के आधार पर अभियान चला कर एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम द्वारा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 201 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों को फिर से बरामद किया। 41 लाख रुपए के जब्त किए गए इन मोबाइल को दीपावली से पहले 12 अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल रूम में उनके मालिकों को बुलाकर सौंपा गया।



#### सोशल मीडिया में अपलोड किए जाएंगे आईएमईआई नंबर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने टीम को निर्देश दिया है कि वो सभी रिकवर किए गए मोबाइल के आईएमईआई नंबर को सोशल मीडिया एकाउन्ट (फेसबुक, इन्सटाग्राम, ट्वीटर) पर अपलोड करें। इससे जिन लोगों के मोबाइल फोन गुमे होंगे वो उस आईएमईआई नंबर से अपने मोबाइल की पहचान करके एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट कार्यालय सेक्टर 3 में संपर्क करके अपना मोबाईल प्राप्त कर सकेंगे।

### अक्टूबर महीने में ही अब तक हो चुकी है 70 मिलीमीटर औसत बारिश

# मानसून वापसी का सिस्टम बना, दो दिनों तक फिर बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसून की वापसी का दौर शुरू हो गया है लेकिन यह जाते-जाते भी भारी बारिश का सिस्टम बना रहा। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दो दिनों तक यानी 14 अक्टूबर तक बारिश की स्थिति बनी है । 13 अक्टूबर रविवार को भी प्रदेश में कई जगह वर्षा की चेतावनी दी गई है। अकेले अक्टूबर महीने में अब तक 70 मिलीमीटर की औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल की तुलना में यह 41.2 मिलीमीटर औसत वर्षा अधिक है। पिछले साल इस महीने में 28.8 मिलीमीटर की वर्षा दर्ज की गई थी।



#### ये तीन सिस्टम कर रहे हैं काम

मौसम विभाग के मुताबिक पहला दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा अब 28° उत्तर 86° पूर्व, रक्सौल, वाराणसी, जबलपुर, अकोला, अहिल्यानगर, अलीबाग और 18.5° उत्तर 72° पूर्व से होकर गुजर रही है। दूसरा सिस्टम अगले 2-3 दिनों के दौरान उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं। तीसरा सिस्टम दक्षिण तटीय आध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में उत्पनी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक बना हुआ है।

#### अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

मौसम विभाग ने 13 अक्टूबर को दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। दो दिन बाद प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान बढ़ने की संभावना बताई है।

#### स्थानीय प्रभाव से अचानक बदली और बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक स्थानीय प्रभाव सिस्टम को और प्रभावी बना रहा है। जिसकी वजह से अचानक आसमान पर बादल घिर आते हैं और तेज बारिश कर देती है। शनिवार को पूरे दिन धूप-छांव का खेल चला। कभी बादल आते और चले जाते। शाम को जिले के कई क्षेत्रों में बारिश भी हुई। रविवार को मौसम पूरे दिन खुला रहा लेकिन शाम को फिर हल्के बादल घिर आए।

#### लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा प्रभाव

मौसम के अचानक बदलने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। डॉक्टरों के मुताबिक लोगों को पेट संबंधी बीमारी घेर रही है। उल्टी या दस्त की समस्या भी आ रही है। बुखार और शरीर में दर्द की शिकायत भी होने लगी है। जिसकी वजह से सरकारी और गली-मुहल्लों के क्लीनिकों में इन बीमारियों से ग्रसित मरीज बढ़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## जामुल में दो पक्षों में जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के मकान के पास दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनो पक्षों को चोट आई है। इसके बाद दोनों पक्ष जामुल थाने पहुंचे। पुलिस दोनों के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक पक्ष ने उन्हें शिकायत में बताया है कि हाउसिंग बोर्ड निवासी अंकित राय का जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के घर के पीछे प्लॉट है। वो वहां कुछ निर्माण कराना चाह रहे थे। शाम लगभग 7-7.30 बजे अंकित कार से संटू जाना और अनुनय दुबे को लेकर प्लाट दिखाने गया था। प्लॉट के बगल से ही लल्लन सिंह नाम के युवक का घर है। वो लोग कार से निकले तो लल्लन सिंह उन्हें गाली देने लगा। उसने कहा कि कार धीमे रफ्तार में चलाओ। इसके बाद उसने अपने लड़कों को बुलाकर उन्हें बुरी तरह पीटा जिससे उनके सिर व हाथ पैर में चोट आई है।

वहीं लल्लन सिंह ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि अंकित राय और उसके दोस्त प्लॉट में बैठकर दारू पी रहे थे। मना करने पर उन्होंने झगड़ा किया और उनके साथ मारपीट करके उनको सिर व अन्य जगहों पर चोट पहुंचाई है। पुलिस ने दोनो पक्षों के घायलों को एमएलसी के लिए भेज दिया है। हाउसिंग बोर्ड के पक्ष में जहां भाजपा पार्षद पीयुष मिश्रा पहुंचे तो वहीं लल्लन सिंह की तरफ से जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सत्य प्रकाश बंजारे पहुंचे हैं। थाने में तनाव का माहौल बढ़ता देख थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप



### विभागीय पत्राचार क्रियान्वयन के लिए ई-आफिस का प्रशिक्षण दिया

**भिलाई।** शासन के मनशानुसार शासकीय कार्यालयों में विभागीय पत्राचार क्रियान्वयन ई-आफिस के माध्यम से किए जाने का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके लिए नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे के नेतृत्व में प्रोग्रामर दिप्ती साहू एवं तकनीकी सहायक अशोक कश्यप द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के कम्प्युटर आपरेटर तथा लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पत्र को किस प्रकार से फाइल बनाकर पुटअप करना है, नोटशीट बनाते हुए फाइल प्रस्तुत करने का तरीका बताया गया है। फाइल एवं पत्र को डिजिटल सिग्नेचर कर आगे भेजे जाने की प्रक्रिया समझाई गई है। दुसरे विभाग से पत्र आने पर उसे किस प्रकार से फाइलिंग करते हुए उसका जवाब प्रस्तुत करना है। साथ ही अपने स्वयं के विभाग से भी पत्राचार कर प्रस्तुत किया जा सकता है। ई ऑफिस नोटशीट एवं पत्र में दिनांक और समय लिखा होता है जिसमें लिपिक एवं अधिकारी वर्ग के आई.डी. का उपयोग किया जाना अनिवार्य है। इस प्रणाली से कार्य करने से पारदर्शिता बढ़ेगी ।

### गोंड़वाना विकास समिति की बैठक मे कई मुद्दों पर चर्चा

**उतई।** गोंडवाना विकास समिति उतई द्वारा बुढादेव मंदिर में शनिवार शाम को बैठक आयोजित की गई जिसमें उतई में सभी मोहल्ले में आदिवासी का महापर्व ईशर गौरा गौरी पर्व मनाने एवं एक दिन एवं एक साथ फुल कुचरनी कार्यक्रम दिन 15 अक्टूबर को शुरुआत की जायेगी। इस बैठक में जीवन ठाकुर, भरत मंडावी, कल्याण कुंजाम, राजेंद्र ध्रुव, अमर सिंह ठाकुर, ठाकुर राम छेदैया, पुनीत ठाकुर संतोष नेताम, वैदिक ठाकुर माया मंडावी, डामिन नेताम, केशरी मंडावी, अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम एवं सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही।

# रुआबांधा में खुलेगा शॉपिंग मॉल की तर्ज पर साथी बाजार

## किसानों की आय बढ़ाने और महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार से जोड़ने अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केन्द्र सरकार की साथी परियोजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ का पहला साथी बाजार दुर्ग में खोला जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को दुर्ग जिले के रुआंबांधा में साथी बाजार स्थापना के लिए 5 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

साथी बाजार स्थापना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना, महिला स्व सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाना एवं केन्द्र सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को साथी बाजार के साथ जोड़कर योजनाओं का जनता को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करना है। साथी बाजार में 154 प्रकार के उत्पादों की बिक्री के साथ जरुरत की सभी आवश्यक उत्पादों का भंडार होगा। इसके अलावा साथी बाजार में ही कई उत्पादों की प्रोसेसिंग की जाएगी। यहां किसानों को कोल्ड स्टोरेज व ग्राहकों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। यह साथी बाजार मूलतः स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के लिए होगा, लेकिन ग्राहकों की पसंद को ध्यान रखते हुए राष्ट्रीय कंपनी के उत्पाद को भी स्थान दिया जाएगा।

साथी बाजार से बिचौलियों का अस्तित्व खत्म होगा। जिससे यहां कम दरों में ग्राहकों को जरुरत की आवश्यक सामानें मिलेंगी। कृषि उत्पादों में बाजार रेट से कम से कम 20 से 30 प्रतिशत का लाभ ग्राहकों को मिलेगा।रुआबांधा में साथी बाजार स्थापना के लिए कार्य प्रगति में आ गया है। प्रारंभिक चरण में दुकानों के आबंटन के लिए निविदा बुलाई गई है। साथी बाजार में महिलाओं को प्रोत्साहन देने निविदा में 10 प्रतिशत का आरक्षण और नियम-शर्तों में भी छूट दिए गए है।

### 154 से ज्यादा दुकानें एक ही जगह खोलने की तैयारी

दुर्ग जिला में प्रदेश का पहला साथी बाजार सालभर में बनकर तैयार हो जाएगा। जो किसानों, महिला स्व सहायता समूहों एवं आम जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान नाफेड के राष्ट्रीय समन्वयक मनीष शाह, जिला बीज विकास निगम के प्रमुख श्री बेहरा, दुर्ग श्री किसान उत्पादक संगठन के अध्यक्ष डॉ. योगेश सोनकर, सचिव महेन्द्र सिन्हा, उपाध्यक्ष निधी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष लालेश्वरी साहू, सदस्य महेन्द्र साहू, वंदना झारिया, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के दुर्ग जिला अध्यक्ष अनूप गटागट, कैट जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, चैम्बर महिला विंग अध्यक्ष मानसी गुलाटी, कैट युवा विंग अध्यक्ष रवि केवलतानी, चैम्बर पदाधिकारी नीतू श्रीवास्तव मौजूद रहे।




### हेल्थ सेंटर और जरूरी प्रोडक्ट्स भी रहेंगे उपलब्ध

नाफेड के राष्ट्रीय समन्वयक मनीष शाह ने साथी बाजार के संचालन के संबंध में बताते हुए कहा कि जिले में साथी बाजार के संचालन हेतु दुर्ग श्री किसान उत्पादक संगठन का गठन किया गया है। जिसमें जिले के किसान उत्पादक संगठनों एवं स्व सहायता समूहों के अलावा चेम्बर ऑफ कॉमर्स व कैट के पदाधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। वर्तमान में साढ़े 6 हजार सदस्य बनाए जा चुके है। जिले में संगठन का 10 हजार सदस्य बनाया जाना है। जिनमें से 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सदस्य बनाते समय प्रत्येक ग्राम में 20 सदस्यों की भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। श्री शाह ने बताया कि साथी बाजार में होने वाले समस्त विक्रय पर संगठन को 5 प्रतिशत तक का लाभ प्राप्त होगा। जिसे सदस्यों को वितरित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम से चयनित सदस्यों द्वारा साथी बाजार में स्थापित स्वदेशी उत्पादों की मार्केटिंग अपने ग्राम में की जाएगी। इस हेतु उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सदस्यों द्वारा किए गए विक्रय के लिए कंपनियों के माध्यम से उन्हें पृथक से कमीशन उपलब्ध करवाया जाएगा और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

## एमपीडब्ल्यू, बीएससी द्वितीय व अंतिम सेमेस्टर के रिजल्ट बेहद खराब

# हेमचंद यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणामों को लेकर विद्यार्थियों में पनप रहा असंतोष

## किसी विद्यार्थी को शून्य तो किसी को एक और दो नंबर मिले

**भिलाई।** हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। एमपीडब्ल्यू और बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के नतीजे में ज्यादातर विद्यार्थियों को शून्य अंक मिला है। किसी विषय में 50 नंबर पर केवल 3 या दो अंक ही मिले हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि आंसरसीट में लिखकर आने के बाद किसी को शून्य को किसी को दो या तीन अंक मिलना निश्चित की मूल्यांकन में गड़बड़ी है। इसलिए इन विषयों की जांच विश्वविद्यालय स्वयं से जांच करवाएं। विद्यार्थियों ने इसके लिए यूनिवर्सिटी को मांगपत्र भी सौंपा है।



### इन मामलों से समझिए यूनिवर्सिटी का मूल्यांकन संदेह के घेरे में

**केस 1**

एमपीडब्ल्यू में अकेले अथर्व कॉलेज से ही द्वितीय व अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्हे फेल कर दिया गया है। इनमें से किसी को शून्य तो किसी को दो या तीन नंबर ही दिए गए हैं। इसके अलावा और विद्यार्थी हैं जो अनुतीर्ण हैं। विद्यार्थियों ने जब इसकी शिकायत यूनिवर्सिटी में की तो उन्होने रि-चेकिंग के लिए आवेदन करने कहा। आवेदन करने के दो महीने बाद अब तक इन विद्यार्थियों की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

**केस 2**

बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में केमेस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स और गणित विषय में सर्वाधिक विद्यार्थी फेल हो गए हैं। शासकीय कमला कॉलेज राजनांदगांव के विद्यार्थी यूनिवर्सिटी पहुंचे और सामूहिक तौर पर इसकी शिकायत की। विद्यार्थियों ने बताया कि बीएससी में 355 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से सर्वाधिक विद्यार्थियों को फेल किया गया है।किसी विषय में एक या दो नंबर तक दिए गए हैं। किसी को एक या दो नंबर के लिए बैकलॉग दिया गया है।

**केस 3**

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के रिजल्ट को लेकर विद्यार्थियों की नाराजगी है। इस कॉलेज के कई विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय में महज तीन अंक दिए गए हैं। छात्रा नुसरत बानो ने इसकी लिखित शिकायत कुलपति से की तो उन्हे रि-चेकिंग के लिए फार्म भरने कह दिया गया । रि-चेकिंग की स्थिति क्या रही यह भी उन्हे नहीं बताया। ऐसे ही इस कॉलेज में कई विद्यार्थी पीड़ित हैं।

### यूनिवर्सिटी ने बनाई रिव्यू कमेटी

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी ने जिन कॉलेजों में ज्यादातर विद्यार्थी फेल हुए हैं उनके लिए रिव्यू कमेटी बना दी है। कमेटी को उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं की जांच सही हुई है या नहीं यह कमेटी इसकी भी जांच करेगी। पिछले दो साल से यूनिवर्सिटी के रिजल्ट को लेकर विद्यार्थी लगातार शिकायत कर रहे हैं। इसलिए यूनिवर्सिटी की साख भी प्रभावित हो रही है।

### कॉलेजों में 38 हजार सीटें रह गई हैं खाली

यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणाम आने के बाद सरकारी कॉलेजों में विद्यार्थी साल दर साल घटते जा रहे हैं। पिछले तीन साल में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या घटने की वजह से इस बार 38 हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गई है। खराब नतीजे के बाद विद्यार्थी आगे की कक्षाओं में भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। बीच में ही पढ़ाई छोड़ रहे हैं। सरकार ने नए 14 कॉलेज खोले हैं यहां सीटों के मुकाबले 50 प्रतिशत सीटें ही भर पाई है। कई कॉलेजों की कक्षाओं में 10-12 विद्यार्थी ही पढ़ रहे हैं।

## स्वस्थ जीवनशैली से सुदृढ़ की जा सकती है मेंटल हेल्थ : गजेंद्र




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरपोटी में विगत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर से साइको सोशल काउंसलर कविता डोरले द्वारा बच्चों को मेंटल हेल्थ की समस्या होने के कारण, निराकरण एवं बचाव के तरीके के बारे में विस्तार से बताते हुए इसका समाधान भारतीय जीवनशैली, रहन-सहन, खान-पान, व्यायाम, योग एवं ध्यान के माध्यम से मेंटल हेल्थ को सुदृढ़ करने के संबंध में जानकारी दी गई। ध्यान और योग आदिकाल से ही भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। विश्व को योग और साधना भारतवर्ष की ही देन है, इसलिए इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त इसे पोषण एवं स्वास्थ्य से जोड़ते हुए तिरंगा भोजन, संतुलित आहार, अंकुरित अनाज सेवन के महत्व को बताया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू से मिली जानकारी अनुसार कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब आईसीपीएस, चाइल्ड लाइन व सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी बच्चों के साथ साझा की गई। बच्चों के मन में उठ रहे समस्याओं एवं सवालों का भी समाधान किया गया। बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य कीर्ति प्रधान, स्कूली छात्र-छात्राएं, विभागीय कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक, कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, लोकमणी साहू सामाजिक कार्यकर्ता आईसीपीएस, कविता डोरले परामर्शदाता सखी वन स्टॉप सेंटर, जेंडर विशेषज्ञ लक्ष्मी कांत यादव, शिल्पी उपाध्याय , सुश्री श्रद्धा ध्रुव, अंजोरी राम केस वर्कर चाइल्ड लाइन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसटीएफ के जवानों को पे-फायनेंस मैनेजमेंट को लेकर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई




एसटीएफ जवानों को भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा मासिक वेतन का बेहतर प्रबंधन करने, अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करते के लिए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की जानकारी दी गई। एसटीएफ एसपी त्रिलोक बंसल, एएसपी जयंत वैष्णव समेत एसबीआई शाखा प्रबंधक कौस्तुभ वर्मा समेत पीएसपी योजना के अंतर्गत मिलने वाले विशेष लाभों जैसे जीरो बैलेंस खाता, पर्सनल लोन पर रियायती ब्याज दर, दुर्घटना बीमा सुरक्षा, और अन्य बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा साईबर स्कैम और फाड से बचने के तरीको के बारे में भी बताया गया। विभिन्न पॉलिसियों के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा,परिवार के वित्तीय संरक्षण के उपायों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान एसपी बंसल ने कहा कि एसटीएफ के जवान अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर रहे है। नक्सल क्षेत्र में जवान हर पल जानलेवा हमलों, लैंड माइन वस्फिोटों और नक्सली मुठभेड़ों जैसे गंभीर खतरो का सामना करते हैं। जहाँ जीवन का खतरा सदैव बना रहता है। ऐसे जवानों के उपर उनके परिवार की सुरक्षा एवं संरक्षा की भी जिम्मेदारी है। इसलिए जवानों का अपने प्रतिमाह मिलने वाले वेतन से अनावश्यक खर्च लोन न लिया जाकर वेतन से थोडी बचत करना भी अति आवश्यक है। यह पहल पुलिस कर्मियों के आर्थिक कल्याण एवं वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### बीएसपी में लाइव ट्रैकिंग प्रणाली शुरु

**भिलाई।** बीएसपी के औद्योगिक संबंध एवं ठेका श्रमिक विभाग ने प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने मासिक आईआर क्लीयरेंस के लिए लाइव ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया। इस सिस्टम से ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की स्थिति की वास्तविक समय में जानकारी उपलब्ध होगी। कार्य में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। नई व्यवस्था से दस्तावेज़ प्रक्रिया की हर अवस्था की निगरानी अब लाइव रूप में की जा सकेगी। इसके तहत आईआर-सीएलसी कार्यालय में सिंगल विंडो काउंटर स्थापित किया गया है। दस्तावेज प्रस्तुत करते समय कवरिंग लेटर के साथ एक टोकन नंबर एसडब्ल्यूसी द्वारा जारी किया जाएगा। नई प्रणाली के माध्यम से ठेकेदार निर्धारित लिंक पर जाकर अपने दस्तावेज़ों की वास्तविक स्थिति देख सकेंगे।

# पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम धन धान्य कृषि योजना, पल्सेस मिशन एवं अन्य योजना दलहन व तिलहन सहित 1100 अन्य परियोजनाओं का एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली से शुभारंभ किया गया।

जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) में किया गया। प्रारंभ में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन ने किसानों के लिये होने वाली उपयोगिता की जानकारी दी। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के हित में निरंतर नई योजनाएं लाई जाती है। जिसके अंतर्गत पीएम धन धान्य कृषि योजना लाई गई है, जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना फसल विविधिकरण और टिकाऊ खेती को अपनाना है। जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष किर्ती दुर्गेश नायक, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कमलेश वर्मा, पूर्व जिला सदस्य हर्षा लोकमणी चन्द्राकर, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा विनायक ताम्रकर, सरपंचत ग्राम पंचायत ईशरावती ठाकुर, सरपंच बटंग गेंदूराम वर्मा उपस्थित रहें। संचालन डॉ. ईश्वरी कुमार साहू तकनीकी सत्र के अंतर्गत धान से आने वाले कीड़े, बिमारी की समस्याओं की जानकारी दी गई। दलहन व तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु चना, तिवड़ा, अरहर, सरसों आदि के खेती के बारे विस्तृत जानकारी दिया गया।

### गुणवत्ता से जुड़े सवाल पूछे स्कूली बच्चों से

**अंडा।** मुख्य मंत्री शिक्षा गुणवत्ता दिवस के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण गुणवत्ता दिवस का आयोजन शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला परसदा (डंगनिया) में किया गया। इस दौरान बच्चों की गुणवत्ता के लिए चयनित पांच सदस्यीय टीम ने निर्धारित बीस बिन्दुओं पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए। आंकलन अधिकारी युवराज सिंह साहू, नरेश उईके प्रधान पाठक पांगरी, सत्यवती साहू सरपंच, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नीलांबर साहू, ग्राम प्रमुख लाला राम साहू, शिक्षा वृद्ध गजाधर प्रसाद साहू, विनोद कुमार साहू, एवं समस्त स्टॉफ गण के उपस्थिति में कौशल विकास, प्रश्नोत्तरी, हिंदी, अंग्रेजी, में पुस्तक वाचन, सारांश, गणितीयकी संक्रय, पहाड़ा, मानचित्र, ग्लोब, के आधार पर प्रश्न पूछे। यहां न्यौता भोजन देवेंद्र देवांगन ने दिया।

## शिक्षा गुणवत्ता अभियान की मानिटरिंग के लिए चल रहा निरीक्षण

# डीईओ ने किया आधा दर्जन सेजस स्कूलों का निरीक्षण प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी नहीं करने पर दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा जिले के दुर्ग एवं धमधा विकास खण्ड के स्कूलों का निरीक्षण किया गया। सेजेस दीपकनगर द्वारा उच्चतर माध्यमिक जवाहरलाल नेहरू, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुर्सीपार, सेजेस जंजगिरी, सेजेस कुम्हारी व धमधा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दौरान 5वी,8 वीं,10वीं एवं 12 वी की विशेष तैयारियों के संबंध में संस्था प्रमुखों एवं विषय शिक्षकों को निर्देश दिये गये। निरीक्षण दौरान प्रायोगिक कक्ष पंहुच कर विद्यार्थियों से चर्चा भी किया गया।सेजेस दीपकनगर दुर्ग में 10 प्री बोर्ड की परीक्षा की तैयारी हेतु किये जा रहे नवाचार जिसमें विद्यार्थियों को प्रतिदिन 10 प्रश्न देकर हल करने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर बच्चों को उन सभी प्रश्नों के माडल आन्सर उपलब्ध कराये जाते है। मेरिटोरियस बच्चों का चिन्हांकन कर कठिन प्रश्नों का अभ्यास कराया जाता है। जिला अधिकारी मिश्रा ने प्राचार्य के उक्त प्रयासों की सराहना करते हुए इसे 12 वी बोर्ड में भी लागू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कक्षा 10 वी से 12 वी तक सभी को नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य करने हिदायत मी दिए ।



### सेजेस जंजगिरी में प्रायोगिक कार्य नहीं

सेजेस जंजगिरी के निरीक्षण दौरान पर्याप्त प्रायोगिक कार्य नही कराये जाने पर नाराजगी जाहिर की। प्राचार्य एवं विषय शिक्षक के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। वहां 12 वी के छात्रों से रूबरू होकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में आवश्यक टिप्स भी दिए ।सेजेस कुम्हारी के निरीक्षण के दौरान कक्षा 8 वी के बच्चों में गणित का स्तर कक्षा अनुरूप नहीं पाये जाने पर प्रधानपाठक एवं विषय शिक्षक को सख्त हिदायत दी। साथ ही प्राचार्य को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए ।

# व्यापार के साथ सामाजिक विकास बढ़ाने के उद्देश्य से खंडेलवाल एकता मंच का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- महिलाओं को आगे आने और एकता मंच से जुड़ने की अपील



रायपुर, दुर्ग, भिलाई राजनांदगांव के युवा साथियों और कारोबारियों ने मिलकर नई शुरुआत की है। खंडेलवाल एकता मंच का गठन किया।

इसे लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर से रसिक, रितेश, भिलाई से पारस, सचिन खंडेलवाल, राजनांदगांव से शरद, अर्पण ने प्रतिनिधित्व किया। सर्व प्रथम संत सुन्दर दास, दादी सती माता कमला देवी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर सभा की शुरुआत की गई। बैठक में बिजनेस और सामाजिक विकास पर चर्चा हुई। सभी ने अपने बिजनेस प्रोफाइल की आपस में जानकारी साझा की। संचालन नवीन खंडेलवाल ने किया। रजत खंडेलवाल ने संगठन के गठन के उद्देश्यों से पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया। 21 दिसम्बर को खंडेला धाम में होने वाले महाकुंभ की जानकारी दी। आशीष खंडेलवाल ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की बात कही। डिजिटल प्रेजेंटेशन में अशोक बैद का विशेष सहयोग रहा। संगठन के वरिष्ठजन बृजमोहन, अध्यक्ष आशीष एवं सचिन ने अपने अनुभव साझा किए। महिला उद्यमी रिया बड़ाया ने महिलाओं को आगे आने और एकता मंच से जुड़ने की अपील की।सचिन खंडेलवाल ने बांस रहित धूप अगरबत्ती भेंट की। अंत में सभी ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# डुंडेरा-जोरातराई का मुख्य मार्ग जर्जर, पानी भरा होने से हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सभा में आने वाले नगर निगम रिसाली के वार्ड 36 डुंडेरा और वार्ड 37 जोरातराई को जोड़ने वाली एक प्रमुख मार्ग अत्यंत जर्जर हालत में है। इस मार्ग पर इतने बड़े बड़े गड्ढे है। कि लोग इस सड़क पर पैदल भी बड़े मुश्किल से चलते है।

उतई, डूमरडीह, महका, खोपली, सेलुद, पतोरा , जैसे आनेको ग्रामों के बी.एस.पी.कर्मचारी एवं ठेका मजदूर इसी मार्ग से प्लांट रोजाना तीनों शिफ्ट में आना-जाना करते हैं। सड़क की हालत खराब होने की वजह से रोजाना एक दो मजदूर गिरकर घायल होते रहते हैं। परंतु कोई भी जिम्मेदारी अधिकारी इस मार्ग की ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## रोजाना हजारों बीएसपी कर्मचारी इसी मार्ग से जाते हैं प्लांट



### पता नहीं चलता गड्ढो का, जान जोखिम में

बी.एस. पी. में ठेका मजदूर अमित यादव का कहना है कि बारिश के वजह से इन गड्ढो पर पानी भर जाता है इस वजह से गड्ढो का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। परंतु अन्य कोई मांग नहीं होने की वजह से इस मार्ग में चलना मजबूरी बन जाता है ,जिस वजह से आए दिन कोई ना कोई मजदूर गिरकर घायल होते रहते हैं।

### सबसे ज्यादा नाइट शिफ्ट वालों को होती है परेशानी

ठेका मजदूर ईश्वर सोनवानी का कहना है सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है। नाइट शिफ्ट के दौरान सड़क ठीक से दिखाई नही देती और रात के वक्त गड्ढो का पता ही नही चलता।इ ससे अंदाजा लगाना और भी मुश्किल हो जाता है। इस वजह से इस जगह आए दिन गुजरने वाले दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। बीएसपी या रिसाली निगम को मजदूरों के हित को देखते हुए जल्द ही इस सड़क को जल्द बनाना चाहिए। इस सड़क के सबन्ध में जानकारी लेने रिसाली नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को फोन लगाया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।

### जल्द बनेगी सड़क

डुंडेरा से जोरताई तक 3 किलोमीटर का सर्वे हो गया है। प्रस्ताव बनाकर भेजा भी जा चुका है। जल्द ही पी डब्यू डी द्वारा सड़क बनाई जाएगी।

**हरीश नायक,** जोरताई वार्ड पार्षद नगर निगम रिसाली

## खबर संक्षेप



### शिक्षक फेडरेशन पाटन ब्लॉक अध्यक्ष बने चेतन

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन में ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए चेतन सिंह परिहार को निर्विरोध चुना गया। रेस्ट हॉउस पाटन में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन निर्वाचन समिति के दुर्ग जिला पर्यवेक्षक रामकृष्ण साहू ने उपस्थित होकर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। तत्पश्चात बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी के पुर्नगठन में निम्न पदाधिकारियों का चयन किया हुआ जिसमें अध्यक्ष चेतन सिंह परिहार, उपाध्यक्ष खेलावन सिंह कुर्रे, टेकेश्वर प्रसाद यदु सचिव राजकुमार बघेल सह-सचिव यादराम साहू,सलाहकार- कमलेश कुमार साहू, कृष्ण कुमार शर्मा,दानेश्वर प्रसाद वर्मा,टेकराम चंद्राकर संगठन मंत्री चंद्रशेखर साहू, मीडिया प्रभारी अंकेश्वर प्रसाद महिपाल कार्यकारिणी सदस्य टोकेंद्र कुमार बिजौरा,महाबीर निषाद,ऋषि कुमार साहू,टेकराम साहू,किशोर कुमार कुर्रे आदि बनाए गए।

### दीपक बने अध्यक्ष



**कुम्हारी।** ग्राम उरला में तहसील साहू संघ भिलाई चरोदा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में तहसील अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार चुनाव मैदान मे थे जिसमे दीपक साहू (उरला) ने भारी मतों से जीत हासिल की। साहू संघ के चार पद मे निर्विरोध चुनाव सम्पन हुआ जिसमे रीना साहू महिला उपाध्यक्ष व संगठन सचिव हर्षलता साहू एवं पुरुष उपाध्यक्ष नरोत्तम साहू संगठन सचिव राजेंद्र साहू बने।

### मोहलाई साहू समाज में निर्विरोध हुआ चुनाव



**अंडा।** ग्रामीण साहू समाज मोहलाई का गठन निर्विरोध किया गया। जिसमें संरक्षक रामकुमार साहू, अध्यक्ष पितांबर लाल, उपाध्यक्ष पुरुष गजेंद्र, उपाध्यक्ष महिला कुसुम साहू, सचिव लोकेश साहू, संगठन सचिव भूपेंद्र साहू, संगठन सचिव महिला प्रेमाला साहू और कोषाध्यक्ष अखिलेश साहू बनाए गए हैं। चुनाव के पर्यवेक्षक क्षेत्रीय साहू समाज रसमड़ा के अध्यक्ष रोहित साहू, सचिव नारायण साहू, न्याय प्रकोष्ठ विद्वान साहू आदि ने चुनाव कराया।


## निधन

### टीएम जॉर्ज



**भिलाई।** 127/ए कर्मचारी नगर निवासी भूतपूर्व पीडब्ल्यूडी कर्मी टीएम जॉर्ज उम्र 86 वर्ष का निधन 11 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे नेहरू नगर इसाई कब्रिस्तान में किया जाएगा।

### निशा साहू



**दुर्ग।** बोरसी निवासी एवं तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय की शिक्षिका निशा साहू का 12 अक्टूबर की शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे नगर निगम दुर्ग के पूर्व एल्डरमैन प्रकाश साहू की पत्नी, पार्षद दीपक साहू, राजेश साहू की बहू और सतीश साहू की भाभी थीं।

जगजीवन आयुर्वेद

धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

## शिकायत के बावजूद जलसंसाधन की कार्रवाई शून्य, दिया जाता है तहसीलदार का हवाला

# करेली में किसानों की सब्जी की फसल पानी में डूबी, लाखों का हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के करेली क्षेत्र में लगातार बारिश और दानीकोकडी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण कई किसानों की सब्जियों की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। कई महीनों से खेतों में पानी भरा रहने से भिंडी, टमाटर, लौकी और मिर्च और धान की भी फसलें सड़ने लगी हैं। किसानों को लाखों रुपये के नुकसान की संभावना है।

स्थानीय किसानों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर 28 अगस्त को ही शिकायत की थी, जिसकी खबर भी अख़बारों में प्रकाशित हुई थी, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से फसलें पूरी तरह नष्ट हो रही हैं।

पिछले समय किसान सुरेश पटेल ने बताया कि उनके 12 एकड़ खेत में पूरी सब्जी की फसल चौपट हो गई है। इसी तरह, किसान रामलाल साहू ने बताया कि उन्होंने 10 एकड़ में सब्जियां बोई थीं, लेकिन अब सबकुछ पानी में डूब चुका है।

किसानों ने दानीकोकड़ी बांध का पानी तत्काल खाली कर राहत पहुंचाने और मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर एक दो दिन में ही पानी नहीं निकाला गया तो पूरी फसल नष्ट हो जाएगी, सड़ जाएगी। वही विभाग ने इस पूरे मामले में बताया कि गेट खुलने के लिए कई बार भेजा गया है लेकिन अज्ञात अतिक्रमणकारियों के द्वारा गेट बंद कर दिया जाता है जिसके लिए तहसीलदार को भी लिख कर दिया गया है । लेकिन विडंबना ये है कि कैसे विभाग के बोलने के बावजूद कार्यवाही न होना यह किसानों के प्रति विभाग और सरकार की संवेदनशीलता नजर आ रही है।

## किसानों की मांग-बांध का पानी तत्काल खाली कराएं





## अंचल की खबरें

### बारिश ने छीना आशियाना, दो बच्चे बाल-बाल बचे



**पाटन।** बीते दिनों हुई लगातार बारिश ने पाटन ब्लॉक के ग्राम फुंडा में एक गरीब परिवार पर कहर बनकर हमला किया। बारिश से मिट्टी और लकड़ी से बना उनका कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। हादसे के वक्त घर के अंदर दो मासूम बच्चे सो रहे थे, लेकिन मिट्टी गिरते ही किसी तरह जान बचाकर बाहर भागे और एक बड़ा हादसा टल गया। गांव की रहने वाली अनीता यादव अपने पति, चार बच्चों और सास-ससुर के साथ मजदूरी कर गुजारा करती हैं। बरसों की मेहनत से बनाया गया यह कच्चा घर उनकी गरीबी में भी उम्मीदों का आशियाना था, लेकिन अचानक हुई तेज बारिश ने सब कुछ छीन लिया। अब परिवार के पास न घर बचा है और न ही खाने के लिए अनाज ग्रामीणों की मदद से फिलहाल अनीता यादव अपने परिवार के साथ गांव के ही एक शासकीय भवन में अस्थायी रूप से रह रही हैं। लेकिन टूटे घर और उजड़े सपनों की चिंता उनके चेहरे पर साफ झलकती है। दिवाली जैसे त्योहार के पहले उजड़े आशियाने ने पूरे परिवार की खुशियों पर पानी फेर दिया है। अनीता यादव ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है ताकि उनका परिवार फिर से सिर पर छत पा सके। ग्रामीणों का कहना है कि इस परिवार की मदद के लिए तत्काल प्रशासनिक सहायता और राहत सामग्री की जरूरत है। गांव के लोग भी प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि ऐसी विपत्तियों से जूझ रहे गरीब परिवारों को तत्काल राहत दी जाए ताकि वे फिर से अपने जीवन की नई शुरुआत कर सकें।

### पर्यावरण संरक्षण की महिला समूहों को मिली जिम्मेदारी



**पाटन।** छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा संचालित वुमन फॉर ट्री कैंपेन के अंतर्गत नगर पंचायत पाटन द्वारा महिला स्व सहायता समूहों को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में वेदिका स्व सहायता समूह एवं श्रद्धा स्व सहायता समूह को आवश्यक किट प्रदान की गई। दोनों समूह अब पाटन नगर क्षेत्र में लगाए गए पौधों की देखरेख, संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य करेंगी साथ ही नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। महिला समूहों की भागीदारी से इस अभियान को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर, देवेंद्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश बिज्जू देवांगन, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद संगीता धुरंधर, सागर सोनी ,नारायण पटेल रोहित देवांगन ,मिलन देवांगन ,विजय कांत बंछोर , मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, दोनों समूहों की अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया ग्रामीणों ने



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में भारती आयुर्वेदिक हॉस्पिटल पुलगांव चौक दुर्ग के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा के सहयोग से संपन्न हुआ। इस शिविर में डॉ राकेश कुमार, डॉ नेहा वर्मा, डॉ सरिता सोलंकी,डॉ दीपमाला, डॉ एकता तथा इंटर्न डॉ रोशनी, डॉ सिंधु, डॉ योगिता, डॉ अमित,डॉ ज्योति, डॉ कुलेश्वर एवं हॉस्पिटल के स्टाफ नर्स दामिनी और चंद्रकांता, कंप्यूटर ऑपरेटर नेमन लाल और पंचायत कर्मचारी एमन चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामीण जनों का सहयोग रहा। शिविर में पुराने घुटने से संबंधित,लंबे समय से कमर में दर्द, बीपी, शुगर, सीने में दर्द और गैस जैसी तकलीफों का समाधान किया गया। ग्राम अंडा तथा आसपास के 40 ग्रामीणों ने जाकर जांच कराई और इस शिविर का लाभ उठाया।

### कॉलेज में विद्यार्थियों को मिले परिचय पत्र

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में विद्यार्थियों को परिचय पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जन भागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले उपस्थित थे।

## अभिताभ बच्चन से पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मानित हुए रोमशंकर यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



■ कौन बनेगा करोड़पति में फोर्स फार गुड हीरोस में रोमशंकर को मिला सम्मान

बालीबुड फिल्मों के सुपर स्टार अभिताभ बच्चन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर यादव को कौन बनेगा करोड़पति के मंच से सम्मानित किया गया। केबीसी के इस सीजन में पूरे भारत वर्ष से 10 लोगों का फोर्स फार गुड हीरोस के रूप में चयन किया है इनमें से एक रोमशंकर का नाम भी शामिल था। इस दौरान 27 वर्षो से पर्यावरण के लिए किए जा रहे कार्य हेतु रोमशंकर को आदित्य बिरला ग्रुप की ओर से फोर्स फार गुड हीरोस के रूप में श्री बच्चन ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया साथ ही अभिताभ बच्चन ने केबीसी के मंच से रोमशंकर द्वारा जन्मदिन, मांगलिक अवसरों पर पौधरोपण व पौधे भेंट करने चलाई जा रही मुहिम को पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं भी आगे बढ़ाने का ऐलान किया।

श्री बच्चन ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए वे स्वयं भी अब रोमशंकर की तरह अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करेंगे एवं लोगों को मांगलिक अवसरों पर पौधे भेंट करेंगे। अमिताभ द्वारा पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा को लेकर पूछे गए सवाल पर श्री यादव ने कहा कि उन्हें वैसे बचपन से पेड़ पौधों से लगाव रहा है परंतु वे पर्यावरण की रिपोर्टिंग करते करते पर्यावरण कार्यकर्ता बने हैं। वे पर्यावरण प्रेमी स्व गैंदलाल देशमुख एवं मरौदा डेम के आसपास पेड़ों की कटाई पर लगातार रिपोर्ट लेखन कर रहे थे। तब उन्हें लगा कि एक बुजुर्ग बंजर को जंगल बना सकते है तो वे युवा होकर अपने पास पहले से मौजूद जंगल को क्यों नहीं बचा सकते। फिर उन्होंने यहीं से मरौदा डेम के आसपास लगे पेड़ों को बचाने मुहिम शुरू कर दी इसके बाद उनकी इस मुहिम में ज्ञानप्रकाश साहू, प्रेमनारायण वर्मा, सरोज साहू, राजेश चंद्राकर और विश्वकुमार साहू सहित अनेक युवा जुड़ गए। जिन्हें लेकर उन्होंने हितवा संगवारी नामक संगठन बनाया और तब से अब तक यहाँ लगाए लगभग साढ़े छः लाख पेड़ों को कटने से बचा कर रखे हैं।

## छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला ईकाई ने मनाई स्वामी आत्मानंद जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

■ डॉ. खूबचंद वाचनालय कुर्मी भवन में हुआ आयोजन

स्वामी आत्मानंद महाराज की 37 वीं जयंती बडे धूमधाम के साथ डा. खूबचंद वाचनालय कुर्मी भवन वार्ड क्र. 3 में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज कुम्हारी नगर, महिला ईकाई के तत्वावधान में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अथिति योगिता वर्मा भाजपा मण्डल मंत्री नगर एवं कुर्मी समाज अध्यक्षा द्वारा डा. स्वामी आत्मानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में श्रीमती योगिता वर्मा ने कहा कि वे कर्मयोगी, प्रखर प्रज्ञा के धनी, ओजस्वी वक्ता रहे और दलित, पिछड़ा, आदिवासी वर्ग के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए। उच्च शिक्षा प्राप्त, वनवासियों के हितचिंतक स्वामी आत्मानंद, कोलकाता में बेलूर मठ गये और ब्रह्मचर्य की दीक्षा ली। अब उनका नाम ब्रह्मचारी तेज चैतन्य हो गया। इसके बाद ऋषिकेश में छह माह स्वामी पुरुषोत्तमानंद के पास योग वशिष्ठ का अध्ययन किया। वहां से वे अपने गृह नगर रायपुर आ गए।उन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी और बांग्ला के कई ग्रंथों का परस्पर अनुवाद किया। गीता और मानस पर उनके प्रवचन प्रकाशित हुए। वे रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम, रामकृष्ण सेवा समिति के संस्थापक थे साथ ही जन कल्याण हेतु मंदिर, छात्रावास, पुस्तकालय और चिकित्सालय का निर्माण कराया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्रीमती भुवनेश्वरी बघेल, गंगा वर्मा, देवकी वर्मा, पुष्पा वर्मा, गोंदा वर्मा, राधा वर्मा, नंदनी वर्मा, वीणा वर्मा, शान्ति वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वर्मा आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ आकर्षक उपहार



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स अपने भव्य शोरूम के लिए जाना जाता है, जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। वहीं पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दीवाली त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट) 833 (20कैरेट ) एवं 750 (18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा। पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

### निकुम परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष बने घनश्याम



**निकुम।** परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम में सामाजिक पदाधिकारी चुनाव शनिवार को कर्मा भवन निकुम में सम्पन्न हुआ। जिसमें परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर घनश्याम साहू आमटी को जीत मिली। वही परिक्षेत्र उपाध्यक्ष जगन्नाथ साहू रुदा, परिक्षेत्र महिला उपाध्यक्ष कल्याणी साहू निकुम, संगठन सचिव महिला ईश्वरी साहू, संगठन सचिव कुशाल साहू निर्विरोध बने। चुनाव अधिकारी दुर्ग ग्रामीण छन्नूलाल साहू, पुरुषोत्तम चौधरी, छबिलाल साहू और खिलावन साहू ने संपन्न कराया। वही जिसमें निकुम परिक्षेत्र के नौ गांव निकुम आमटी मासाभाट , भोथली, झोला रुदा के सामाजिक पदाधिकारी रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खुर्सीपार मिनी स्टेडियम की 62 दुकानों को अब देंगे किराए से

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम खुर्सीपार मिनी स्टेडियम के दुकानों को अब किराए से देंगे। पहले निगम ने कुछ समय पूर्व रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई थी, किंतु कोई भी एजेंसी या व्यक्ति द्वारा भाग नहीं लिया। इसलिए नियमों में संशोधन करते हुए पुनः रुचि की अभिव्यक्ति जारी की जाएगी। पूर्व में जारी निविदा में प्रीमियम राशि जमा करना था किंतु नियम संशोधित करते हुए मात्र किराया लिया जाएगा। अभी तक इस 62 दुकान से निगम का कोई आय नहीं हो रही है।

**प्रीमियम नहीं जमा करने की स्थिति में नया निर्णय**

### अवैध संचालित गैस एजेंसी को हटाया

खुर्सीपार मिनी स्टेडियम की दुकानों के सामने अवैध रूप से गैस एजेसी संचालित होना मिला। निगम आयुक्त राजीव पांडेय गुरुवार को निरीक्षण करने पहुंचे तो देखा कि गैस एजेंसी संचालित की जा रही है। उन्होने एजेंसी को तत्काल कारवाई करवाई और इसे बंद करवा दिया। स्टेडियम के अंदर सुव्यवस्थित खेल परिसर है। आयुक्त ने जोन 4 शिवाजी नगर अंतर्गत श्रीराम चौंक क्रिकेट मैदान, बीएसपी स्कूल, बालाजी नगर नाला, खुर्सीपार मिनी स्टेडियम सहित इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।



### क्रिकेट मैदान के बाहर पेवर ब्लॉक लगेगा

आयुक्त पांडये व जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा खुर्सीपार श्रीराम चौक क्रिकेट मैदान का निरीक्षण किया गया। मैदान के बाहर पेवर ब्लाक व्यवस्थित करवाने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए साथ ही सड़क किनारे शोभायमान पौधो का रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये हैं।

### गर्ल्स स्कूल में सौंदर्यीकरण

बीएसपी गर्ल्स स्कूल का अवलोकन कर स्कूल परिसर मैदान का समतलीकरण करते हुए सौंदर्यीकरण करने निर्देशित किए हैं। लाइटिंग की सुविधाओं को दुरुस्त करने कहा गया है ताकि रात्रि में भी लोगों का वॉकिंग एवं व्यायाम हो सके। निगम आयुक्त ने मिलिट्री, पैरामिलिट्री एवं पुलिस की तैयारी करने हेतु इस मैदान को उपयुक्त बताया। लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं रनिंग हेतु सुविधाओं की उपलब्धता के लिए जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को निर्देशित किए हैं।

**पानी टंकी निर्माण मार्च तक :** अमृत मिशन से निर्माणाधीन उच्च स्तरीय क्षमता वाले पानी टंकी का अवलोकन किये। इस टंकी के निर्माण से खुर्सीपार क्षेत्र के लोगों को विशेष सुविधा मिलेगी। मार्च के अंतिम तक इस टंकी का निर्माण पूर्ण कर लिए जाने की उम्मीद है। बालाजी नगर में दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए नाला के उपर ढ़के स्लैब खम्बो को व्यवस्थित करने निर्देशित किए हैं। खुर्सीपार इंडोर स्टेडियम का अवलोकन किये, लोक निर्माण विभाग से चल रहे आवश्यक संधारण कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, विजेंद्र परिहार, हेमंत मांझी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट नगर में राम रसोई कल से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में राम रसोई सेवा 14 अक्टूबर से शुरु होगी। प्रति दिन 20 प्रति थाली में शुद्ध भोजन कराया जाएगा। हथखोज श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में दोपहर 12:30 बजे से 3:00 बजे तक चालू होने जी रही है। उद्घाटन कार्यक्रम में अहिवारा विधानसभा के विधायक पर डोमन लाल कोर्सेवाडा मुख्य अतिथि व ट्रांसपोर्ट यूनियन के संरक्षक इंद्रजीत सिंग छोटू, राम रसोई के संस्थापक चतुर्भुज राठी तथा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के महासचिव अजय भसीन, भिलाई अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा विशेष आतिथि तथा छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, चैंबर भिलाई ट्रांसपोर्ट विंग के अध्यक्ष पंकज सेठी, महासचिव हरेंद्र यादव आदि के सहयोग से आयोजन हो रहा है।

### बीएमएस ने सीएम से की मुलाकात, रखी मांगें



**भिलाई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिल कर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने श्रमिक एवं कर्मचारियों की समस्यायों से उन्हें अवगत कराया और शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु समुचित निर्देश देने का अनुरोध किया है। दुर्ग जिला भारतीय मजदूर संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष रवि चौधरी तथा स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में निर्माणी संघ के महामंत्री देवेंद्र चन्द्राकार, वरिष्ठ नागरिक मंच के नलनीश मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव, भिलाई निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके रायपुर निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट कर मां के नाम एक पेड़ मिशन को आगे बढ़ाते दुर्ग के ग्रामीण क्षेत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु समय प्रदान करने पत्र सौंपा। स्वायत्तशासी के पदाधिकारियों ने प्रदेश के नगरीय निकाय में व्याप्त अधिकारी कर्मचारियों के समस्यायों से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा कि वर्तमान सेट अप में संशोधन कर कर्मचारी के पदोन्नति किया जावे, घोषणा पत्र के अनुसार शेष बचे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जावे, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में मध्यप्रदेश के तर्ज पर 105 रूपया प्रति व्यक्ति के मान से लागू किया जावे, केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ता शीध्र लागू करने, दैनिक वेतनभोगी की सेवाकाल को पेंशन में गणना किये जाने, पुराना पेंशन लागू करने, निकायों द्वारा भविष्य निधि की राशि जमा करने तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतो में समय पर वेतन भुगतान की मांग रखे। प्रतिनिधि मंडल में अमर यादव, होमलाल साहू, रामेश्वर, चुरामन साहू आदि शामिल रहे हैं।

### कोहका के बाद चिद्दो में भी पूर्ण शराबबंदी

**डोंगरगांव।** शराब से बिखरते और आर्थिक रूप से टूटते परिवार, गांव के दूषित होते माहौल को देखते हुए अब ग्रामीण स्वयं शराबबंदी की पहल करने लगे है। हाल के दिनों ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम कोहका में पूर्ण नशाबंदी की पहल के बाद ग्राम माथलडबरी में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु के नेतृत्व में पूर्ण शराबबंदी लागू किया गया है। उल्लेखनीय है कि कोहका की महिलाओं के शराब के खुलकर सामने आने के बाद ग्रामीणों ने शराब बेचने और सार्वजनिक स्थानों पर सेवन करने का पूरी तरह रोक लगा दिया था। ग्रामीणों ने इस प्रावधान का उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूलना भी तय किया था। इसी कड़ी में श्रीमती यदु के मार्गदर्शन में माथलडबरी के चौक-चौराहों पर फ्लेक्स एवं बैनर लगाकर शराबबंदी के संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

## दुर्ग जिले में 1.16 लाख हेक्टेयर में ली गई है धान की फसल

# किसानों को दोहरी मार-हरुना धान तैयार, सरोना में फूल, ऐसे में माहो, तनाछेदक और बैक्टीरिया का अटैक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सितंबर-अक्टूबर महीने की लगातार बारिश ने धान की फसल में बीमारी ला दी है। माहो, तनाछेदक, हल्दी, फंगस और बैक्टीरिया का अटैक फसलों में एक साथ हो गया है। जिसकी वजह से किसानों की समस्या बढ़ गई है। हरूना धान पक कर तैयार हो गई है और सरोना धान में फूल अब दाने का रूप लेंगे लेकिन कीट-व्याधि की समस्या आ खड़ी हुई है। एक तरफ किसान खेतों में भरे पानी की वजह से परेशान हैं तो दूसरी तरफ इससे बीमारी फसलों में आ गई है। किसानों को इस बार दोहरी मार पड़ रही है। आने वाले दिनों में मौसम यदि ऐसा ही रहा तो उत्पादन पर व्यापक असर पड़ सकता है। जिले में 1.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल लगाई गई है।

### बीमारी से किसान परेशान

पूरे जिले के किसान अपनी फसलों में बीमारी की वजह से परेशान हैं। किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। पहले सूखे की स्थिति रही। अब पानी की वजह से परेशान है और इसकी वजह से कीट-व्याधि घेर ली है। मौसम नहीं खुला तो बीमारी नियंत्रित नहीं हो सकेगी और उत्पादन पर असर पड़ेगा।

**-झबेंद्रभूषण वैष्णव,** महासचिव छग प्रगतिशील किसान







**इन उदाहरणों से समझिए फसलों का हाल**

**केस 1**

अचानकपुर के किसान सतीश कुमार साहू ने पांच एकड़ में धान की फसल ली है। वे बताते हैं कि सितंबर महीने के अंतिम से अब तक लगातार बारिश की वजह से खेतों में पानी भर गया है। खेतों से पानी निकालना चुनौतीपूर्ण इसलिए है कि हर दिन भारी बारिश हो जाती है। खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंच रहा है।

**केस 2**

नगपुरा के किसान पुकेश्वर साहू ने आठ एकड़ में धान की फसल ली है। वे बताते हैं कि हरूना धान पककर तैयार है। बारिश की वजह से तनाछेदक, फंगस और हल्दी जैसी बीमारी आ गई है। जिसकी वजह से खड़ी फसल को नुकसान पहुंच रहा है। बीमारी से बचाने के लिए दवाई डाल रहे हैं लेकिन यह भी काम नहीं कर रहा।

**केस 3**

अहेरी के किसान बलदेव ने 9 एकड़ में धान की फसल ली है। वे बताते हैं कि नदी किनारे खेती होने की वजह से इस साल फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। धान की अरली वेरायटी की फसल तैयार है लेकिन बैक्टीरया, फंगस, ब्लॉस्ट जैसी बीमारी फसलों में लग गई है। जिसकी वजह से इस बार उत्पादन में व्यापक असर पड़ सकता है।

### धान खरीदी हो सकती है प्रभावित

किसानों का कहना है कि प्रदेश सरकार ने इस बार 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू कर रही है। लेकिन इस बार किसानों की हालत ऐसी है कि अपनी फसलों की कटाई तक नहीं कर पा रहे हैं।अरली वेरायटी की धान तैयार है लेकिन खेतों में बारिश का पानी ऐसा भरा हुआ है कि हार्वेस्टर पहुंच नहीं सकता। मैनपावर से भी कटाई करने लायक खेत नहीं हैं। जब तक खेत गीले रहेंगे तब तक धान की कटाई नहीं की जा सकती। मौजूदास्थिति धान खरीदी को भी प्रभावित कर सकती है।

### विशेषज्ञ की राय : क्लाइमेट चेंज से बीमारी

*मौसम में इस बार व्यापक बदलाव आया है। क्लाईमेट चेंज की वजह से धान की खड़ी फसलों पर इस बार ज्यादा बीमारी आ गई है। ब्लाईट, माहो, बैक्टीरियल जैसी बीमारी फसलों में देखी जा रही है। किसानों ने इसकी शिकायत भी कृषि विभाग से की है। किसानों को हमारा विभाग इससे निपटने की सलाह भी दे रहा है। हरूना धान पककर तैयार हो गई है। सरोना में दाने बनने का समय है। ऐसे में बीमारी पर दवाईयों का असर कम हो जाता है। हमें खेती में जैविक सिस्टम और आर्गेनिक खाद की तरफ जाना होगा। जिससे फसल स्ट्रांग बने और ऐसी बीमारियों को झेल सके। जमीन की स्ट्रेंथ को बढ़ाना जरूरी हो गया है।*

***-विजय जैन, कृषि वैज्ञानिक***

### सांसद और आयुक्त ने तालाबों के जलकुम्भी सफाई का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- भेलवा तालाब और लिम्हा तालाब का सांसद बघेल ने आयुक्त के साथ किया निरीक्षण
- इन तालाबों में होगी छठ पूजा

दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पार्षद महेश वर्मा के साथ लिम्हा तालाब का निरीक्षण किया। सांसद एवं आयुक्त ने जोन एक नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब एवं लिम्हा तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाबो की साफ-सफाई एवं जलकुम्भी को हटाये जाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किये हैं। साथ ही निगम क्षेत्र के अन्य तालाबों में जहां-जहां जलकुम्भी है, उसे भी प्राथमिकता के साथ हटाने कहा गया है। आगामी दिनों में छठ तालाबों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने कहा गया है।

दिवाली के तुरंत बाद छठ पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसमें तालाबों में छठ मईया की पूजा-अर्चना की जाती है। इस कारण क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ-साथ सभी तालाबों का पूजा के लिए विशेष सफाई करने के निर्देश दिए है। भ्रमण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पॉल उपस्थित रहे।

## भिलाई में घटिया डोमशेड का निर्माण, पार्षद ने उठाई अवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत वार्ड 22 कुरुद गांव में कृषि उपज मंडी दुर्ग के द्वारा दुर्गा मंदिर के सामने 12 लाख रुपए की लागत से डोम शेड का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन काम किए जाने के बाद भी अधिकारी उसमें सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

वार्ड 22 के पार्षद पति अजय साहू ने बताया कि जिस जगह पर डोम शेड का निर्माण किया जा रहा है वह कुरुद गांव की मुख्य जगह है। वहां हर साल दुर्गा प्रतिमा भी बैठती है। माता का मंदिर है। शासन के मद से 12 लाख रुपए का जो निर्माण किया जा रहा है वो काफी घटिया स्तर का है। चबूतरे में गिट्टी रेत सीमेंट का अमानक मिश्रण बनाकर उसका बेस तैयार किया गया। उसके बाद उसके ऊपर सीमेंट का घोल चलाकर उसे फर्श की तरह चिकना कर दिया गया है।

इतना ही नहीं डोम शेड को खड़ा करने के लिए जो सीमेंट के कॉलम बनाए गए हैं वो भी गुणवत्ताहीन है। अमानक कार्य और हनी कॉम्ब को छिपाने के लिए मिस्त्री ने सीमेंट से उसे प्लास्टर कर दिया है। साथ ही कॉलम के ऊपर लोहे के पिलर खड़े करने के लिए जो बोल्ड लगाए गए हैं वो कॉलम के अंदर अधिक गहराई तक नहीं डाले गए, उन्हें कॉलम की रॉड से बेल्ड करके लगाया गया है। लोगों का कहना है कि यदि यह बोल्ट लंबा होता है लगभग डेढ़ से दो फिट अंदर होता तो लोहे का भारी भरकम पोल गिरने का खतरा नहीं होता।



## यातायात पुलिस ने सुपेला संडे मार्केट में की कार्रवाई, 305 का कटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग यातायात पुलिस लगातार ट्रैफिक नियमों का पालन ना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने 12 अक्टूबर को सघन चेकिंग अभियान चलाकर 305 लागों का ट्रैफिक उल्लंघन करने और अवैध पार्किंग पर चालान काटा और 97 हजार रुपए का राजस्व वसूल किया।

एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर बनाए गए ओवरब्रिजों के नीचे अनियमित रूप से पार्क किए जा रहे वाहनों को हटाने को लेकर उन्होंने कार्यवाही की थी। उन्होंने चेतावनी भी दी थी कि लोग इस तरह भविष्य में कहीं भी पार्किंग ना करें नहीं चो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सड़क किनारे कपड़े अथवा अन्य सामग्री की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को भी अपनी दुकानों को सड़क से हटा कर लगाने के निर्देश दिए थे। 12 अक्टूबर रिवार को उनकी टीम सुपेला संडे बाजार का निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने पाया कि व्यापारियों ने सड़क तक दुकान लगाकर रखी है और खरीदी करने आने वाले लोग सड़क में अव्यवस्थित रूप से अपने वाहनों को खड़ा किया है। ऐसे सभी वाहनों पर ई-चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान बाजार क्षेत्र में यातायात बाधित न हो, इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई।



दीपावली के मद्देनज़र सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा "ऑपरेशन सुरक्षा" के अंतर्गत विशेष दल गठित किए गए हैं। ये दल रात्रिकालीन समय में ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले चालकों की निगरानी एवं जांच कर रहे हैं। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कठोर चालानी कार्यवाही की जा रही है। ऐसे वाहनों को जप्त कर न्यायालय भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त छावनी चौक ओवरब्रिज के नीचे राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसों के अनधिकृत रूप से खड़े होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रहा था। इसे देखते हुए अब उस स्थान पर बसों को पार्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसी क्रम में दिनांक 11 अक्टूबर को पूरे दिन के दौरान यातायात नियम उल्लंघन पर निम्नानुसार चालानी कार्यवाही की गई। इसमें बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 62, ड्रिंक एंड ड्राइव मामलों में 25, रैश ड्राइविंग पर 12, नो पार्किंग पर 25, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर 12, ट्रिपल सवारी पर 20, सहित अन्य उल्लंघन पर 149 सहित कुल 305 चालानी कार्यवाही की गई। जिनसे 97,000 की राशि वसूल की गई।

### डॉ. नंदिता की एकल चित्रकला प्रदर्शनी आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में डॉ. नन्दिता राजश्री की समकालीन एक्रेलिक पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी कथा का आयोजन मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया जाएगा। समकालीन कला की क्षेत्र में सक्रिय और मूलतः कवयित्री डां. नंदिता ने अपने चित्रों में शब्दों और रंगों के माध्यम से भावनाओं को जीवंत रूप दिया है। उनकी चित्रकला में लोकचित्रों का समावेश और विशेषकर मिथिला या मधुबनी शैली का प्रभाव प्रमुख रूप से देखा जा सकता है। प्रदर्शनी में डॉ. नन्दिता की एक्रेलिक पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी 13 से 15 अक्टूबर तक शाम 5. 30 बजे से रात 8. 30 बजे तक जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। उल्लेखनीय है कि डॉ. नंदिता की विविध कलाकृतियों में प्रकृति और जीवन के विविध रूपों के इंद्रधनुषी रंगों के साथ भावाभिव्यक्ति एक सार्थक संदेश भी दिखाई देता है। प्रदर्शनी के उद्घाटन पर अतिथियों के साथ कला प्रेमी और आर्ट क्लब के पदाधिकारी और बीएसपी के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।



**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

**यात्रियों की लगातार मांग के बाद भी नहीं मिल पा रही सुविधाएं**

## भिलाई स्टेशन के कायाकल्प के बाद भी कई ट्रेनों को स्टापेज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के मध्य में स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज और अन्य सुविधाओं की मांग उठने लगी है। कई गाड़ियों के नहीं रुकने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्टेशन से रोजाना कामकाजी लोगों के साथ हजारों लोग सफर करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई नगर स्टेशन का रिनोवेशन लगभग पूर्णता पर है। प्रधाममंत्री की मांडल स्टेशन योजना के तहत पावर हाउस और दुर्ग और भिलाई नगर स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके तहत भिलाई नगर स्टेशन में कई नई सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। इसके तहत यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर,लगेज रुम, प्रसाधन, भव्य प्रवेश द्वार, कारीडोर, सायकल स्टैंड आदि का कायाकल्प तो कर दिया गया है।

लेकिन यात्रियों की मांग के बाद भी कई एक्सप्रेस गाड़ियों का स्टापेज नहीं दिया गया है। यात्रियों ने बताया कि दुर्ग से रात दस बजे रायपुर जाने वाले लोकल ट्रेन भी यहां नहीं रुकती है। लंबी दूरी की प्रमुख गाड़ियों के साथ साप्ताहिक गाड़ियों का स्टापेज होने से यात्रियों को दुर्ग व पावरहाउस जाना पड़ रहा है।



online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

**रामेश्वरम् धाम यात्रा**

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

Jai Mata Di

**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**

संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02


सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल, लगेंगी बेहद खूबसूरत

## लाइव इवेंट

## बचपन के जुनून चित्रकला को श्रद्धा ने बनाया जीवन का केंद्र



**भिलाई।** भिलाई की कलाकार श्रद्धा देवांगन की चित्र प्रदर्शनी का समापन रविवार को हुआ। इस प्रदर्शनी ने शहर के कला प्रेमियों को रंगों, भावनाओं और आत्म-अभिव्यक्ति की अनोखी दुनिया से परिचित कराया। कार्यक्रम क्लब हाउस, तालपुरी ए ब्लॉक में आयोजित किया गया, जहां 11 व 12 अक्टूबर सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसपी के अनेक कर्मचारी, अधिकारी सहित भिलाई के कला प्रेमी उपस्थित रहे और श्रद्धा की कलाकृतियों की सराहना की।

■ भिलाई में संपन्न हुई श्रद्धा देवांगन की चित्र प्रदर्शनी

भिलाई में जन्मी और पली-बढ़ी श्रद्धा देवांगन के पिता सेक्टर 9 हॉस्पीटल में डॉक्टर रहे हैं, जबकि उनके पति वी. एस. देवांगन बीएसपी के पीबीएस विभाग में महाप्रबंधक के रूप में सेवारत हैं।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अध्यापन से अपने करियर की शुरुआत करने वाली श्रद्धा ने अपने बचपन के जुनून चित्रकला को ही जीवन का केंद्र बना लिया। अध्यापक के रूप में सफल करियर के बावजूद उन्होंने हुए पूर्णकालिक कलाकार का मार्ग चुना। आज उनकी पेंटिंग्स संवेदनशीलता, अनुभव और आत्मअभिव्यक्ति का जीवंत उदाहरण हैं। उनके चित्रों में रंगों का संतुलन, भावनाओं की गहराई और विषय की मौलिकता दर्शकों को गहराई से जोड़ लेती है। प्रदर्शनी में प्रारंभिक रचनाओं से लेकर नवीनतम चित्रों तक की झलक देखने को मिली। उनकी कला की विविधता और परिष्कृत शैली ने सभी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भिलाई के सांस्कृतिक परिदृश्य में यह प्रदर्शनी केवल एक कला आयोजन नहीं रही, बल्कि एक प्रेरक कहानी भी जहाँ एक शिक्षक ने अपने जुनून को पेशे में बदलकर यह सिद्ध किया कि सच्ची कला आत्मा की आवाज होती है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धा देवांगन ने उपस्थित सभी अतिथियों, कला प्रेमियों और भिलाई स्टील प्लांट परिवार के सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सिटी इवेंट

## 50 बच्चों को दिया निशुल्क साइक्लिंग हेलमेट, निकाली रैली




**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर, रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा रविवार को साइक्लिंग हेलमेट डिस्ट्रिब्यूशन और संडे साइक्लिंग कार्यक्रम का आयोजन ओ ए बिल्डिंग, सिविक सेंटर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के अधिक से अधिक संख्या में सुरक्षित साइक्लिंग टूर्नामेंट में भागीदारी करने के लिए 50 बच्चों को निःशुल्क साइक्लिंग हेलमेट डिस्ट्रिब्यूशन किया गया। जिसके बाद सभी बच्चों ने हेलमेट पहनकर उपस्थित अतिथियों द्वारा साइक्लिंग की रैली भी निकाली गई। संस्था लगातार समाज में शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल एवं विभिन्न सामाजिक जिम्मेदारियों में अहम भूमिका निभाता है। हाल ही में रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा स्थानीय स्कूलो के बच्चों को रेनकोट, स्कूल शूज, वाटर कूलर मशीन इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम किया गया। रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर के इस कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल लगभग दो लाख रुपए की साईकिल देने की घोषणा की। कार्यक्रम में डायरेक्टर नितिन सूपे, सुधीर बंसल, राजेश जैन, निकेत मेहता, सर्वेश अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, श्रीकांत अग्रवाल, सुशील जैन, प्रवीण तिवारी, मलय जैन, बीएसपी साइक्लिंग एसोसिएशन क्लब से चेनावर, नरेंद्र बंछोर, परमजीत, अंकुर मिश्रा, देव प्रकाश, कल्पना स्वाति, प्रवीण, विजय साहू, शशि पाण्डेय, रमेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।




● दीपावली की तारीख को लेकर भ्रम हुआ दूर, 21 अक्टूबर की शाम को अमावस्या हो जाएगी समाप्त

# प्रदोष व्यापिनी अमावस्या दीवाली 20 को, 21 को स्नान-दान 22 को होगी गोवर्धन पूजा और 23 को मनाया जाएगा भाई दूज

**भिलाई। दीपावली के महापर्व तिथि को लेकर लोगों के बीच काफी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। अलग-अलग पंचांगों में जानकार दीपावली की अलग-अलग तारीख बता रहे हैं। कोई 20 अक्टूबर तो कोई 21 अक्टूबर को दिवाली मनाने की बात कह रहे है। इस कार्तिक महिने की अमावस्या तिथि दो दिन रहेगी। दीपावली अमावस्या के पहले दिन यानी सोमवार 20 अक्टूबर को ही मनाया जाना ही सर्वश्रेष्ठ होगा। 21 अक्टूबर मंगलवार को स्नान-दान की अमावस्या रहेगी। ज्योतिषाचार्यों ने दीपावली पूजन की तिथि को लेकर स्पष्ट कर दिया है। दीपावली 20 अक्टूबर को मनाना ही श्रेष्ठ है। इस दिन अमावस्या तिथि दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी, जो अगले दिन 21 अक्टूबर शाम 5.34 बजे तक रहेगी। पहले दिन अमावस्या तिथि प्रदोष व निशीथ काल में होने से 20 अक्टूबर को दीपावली मनाना उचित रहेगा। अगले दिन अमावस्या सूर्यास्त से पहले समाप्त हो जाएगी और प्रतिपदा लग जाएगी। दीपावली निशीथ कालीन पर्व है। रात में लक्ष्मी पूजन होता है। इसलिए इसे अमावस्या के पहले ही दिन मनाया जाएगा।**

### 21 की रात नही रहेगा अमावस्या और प्रदोष काल



शिव शक्तिधाम ढांचा भवन मंदिर के पुजारी आचार्य ऋषभ उपाध्याय ने बताया कि इस बार लक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर को ही श्रेष्ठ होगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि न प्रदोषकाल में रहेगी और न ही रात में। कारखानों और प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की उपस्थिति में जो लोग सुबह पूजन करना चाहते वे 21 की सुबह लक्ष्मी पूजन कर सकते हैं। 21 अक्टूबर को शाम तक अमावस्या रहने से गोवर्धन पूजा यानी अन्नकूट 22 अक्टूबर को मनाया जाएगा।







### 20 को ही पूर्ण प्रदोषकाल व्यापिनी तिथि

आचार्य ऋषभ देव ने बताया कि शास्त्र सम्मत गणना के अनुसार पूर्ण प्रदोषकाल व्यापिनी तिथि 20 अक्टूबर को है। अगले दिन 21 अक्टूबर को शाम को प्रतिपदा शुरू हो जाएगी। दीपावली पूजन 20 को अमावस्या के रहते ही किया जाना उचित है। दीपावली प्रदोष व्यापिनी अमावस्या पर ही मनाई जाती है।

### दीपावली का शुभ मुहूर्त

लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 8 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। इस समय मां लक्ष्मी की पूजा करने से धनधान्य और समृद्धि की वर्षा होगी। लेकिन जो लोग अपने ऑफिस में कर्मचारियों के साथ पूजा करते हैं वे 21 अक्टूबर की सुबह में लक्ष्मी पूजन कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दिन अमावस्या तिथि शाम 5.43 तक मौजूद रहेगी।

### उदया तिथि का महत्व

उदय तिथि का मतलब है वह तिथि जो सूर्योदय के समय मौजूद रहे। भले ही ज्यादातर त्यौहारों में उदिया तिथि ही मान्य होती है लेकिन दिवाली पर्व के साथ ऐसा नहीं है। शास्त्रों के अनुसार दिवाली का त्यौहार अमावस्या तिथि की रात में मनाया जाता है। इसलिए इस पर्व में प्रदोष काल व्यापनी तिथि देखी जाती है। इस दौरान मां लक्ष्मी के सिद्ध मंत्रों का जाप करना ना भूलें।

### प्रदोष और रात्रि व्यापिनी अमावस्या तिथि

नरक चौदस के अगले दिन 20 अक्टूबर को सनातन धर्म का विश्व प्रसिद्ध पवित्र पर्व दीपावली प्रदोष एवं रात्रि व्यापिनी अमावस्या तिथि में मनाई जाएगी। दिन में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थिर कुंभ लग्न 2.13 से 3.44 तक तथा दूसरा सर्वोत्तम प्रदोष काल में स्थिर वृष लग्न 6.51 से 8.48 में और महानिशा में तांत्रिक पूजा मंत्र सिद्धि के लिए स्थिर लग्न सिंह 1.19 से 3.35 तक शुभ मुहूर्त रहेगा। शेष रात भोर में सूप बजकर दरिद्र निष्कासन एवं लक्ष्मी का पदार्पण कराया जाएगा। स्नान दान व श्राद्ध के लिए अमावस्या 21 अक्टूबर मंगलवार को भौमवती अमावस्या के पवित्र संयोग के साथ मनाई जाएगी। सोमवार की दीपावली शुभ फलकारक एवं धन ऐश्वर्य में वृद्धि कारक है। 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट मनाया जाएगा। 23 अक्टूबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लेखनी आदि का पूजन कर चित्रगुप्त की पूजा की जायेगी।दोपहर 2 बजे से 3.28 तक भैया दूज में तिलक करने का शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहा है।

### धनतेरस से शुरु होगा पांच दिवसीय पर्व

पांच दिवसीय दीपावली का पर्व इस बार छः दिवसीय पड़ रहा है। जिसमें 18 अक्टूबर को धन त्रयोदशी का प्रसिद्ध पर्व प्रदोष काल में मिलने के कारण मनाया जाएगा। इस दिन धनवंतरि जयंती भी मनाई जाती है। धन ऐश्वर्य की वृद्धि की कामना से विधिवत महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है। चूंकि दिन में 1.20 पर त्रयोदशी का आगमन हो रहा है जो दूसरे दिन 1.54 तक रहेगी। इसलिए प्रदोष कालीन प्राप्त होने से 18 को ही धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रदोष काल में मृत्यु के निवारणार्थ शाम के समय घर के बाहर तिल के तेल का दक्षिण मुखी दीपक यमराज के निमित्त जलाया जाता है। जिसमें सर्वोत्तम प्रदोष काल वृष लग्न 6.59 मिनट से 8.56 के मध्य प्राप्त हो रहा।

### नरक चतुर्दशी 19 को

धनतेरस के अगले दिन 19 अक्टूबर रविवार को नरक चतुर्दशी हनुमान जयंती मनाई जाएगी। सायंकाल मेष लग्न 5.20 से 6.59 के बीच हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन भगवान ने नरकासुर का वध किया था इस कारण अपमृत्युनिवारण के लिए नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। यमराज के निमित्त चतुर्मुखी सरसों के तेल का दिया घर के बाहर निकलने का विधान है।

# मध्यकालीन के कवियों ने अपनी रचनाओं में लोक कल्याण की भावना को दिया महत्व





**भिलाई।** शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य के मध्यकालीन काव्य की उपयोगिता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव उपस्थित थी। उन्होनें कहा कि हिन्दी साहित्य का मध्यकालीन काव्य के कवियों ने अपनी रचनाओं में लोक कल्याण की भावना को अत्यधिक महत्व दिया है,जिसके अंतर्गत धर्म, जाति, सम्प्रदाय आदि की खाइयों को मिटाकर परस्पर मानवता व भाईचारा का संबंध निभाने का संदेश दिया। हिन्दी में विश्व प्रसिद्ध साहित्य उपलब्ध है जो हमारी अनमोल धरोहर है। मुख्य वक्ता डॉ. आशा दीवान ने हिन्दी साहित्य के मध्यकालीन काव्य की उपयोगिता विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस काल के कवियों का उद्देश्य तत्कालीन सामाजिक विषमता और विडम्बना को समाप्त कर सुव्यवस्थित समाज की स्थापना करना रहा है। विश्व प्रसिद्ध साहित्य सूरदास का सूरसागर, तुलसीदास का रामचरितमानस, कबीर का बीजक और मलिक मो. जायसी का पद्मावत आदि ने मानवता व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर हिन्दी स्नातकोत्तर की छात्राओं की विषय से संबंधित समस्याओं का अतिथि वक्ता ने समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. यशेष्वरी ध्रुव और आभार परिषद प्रभारी ज्योति भरणे ने किया।

# रिसाली महाविद्यालय अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ

**भिलाई ।** शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नूतन कुमार देवांगन के संयोजन में महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रुप में डॉ. अविचल शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र, क्राइस्ट विश्वविद्यालय, लवासा पुणे) रहे।

डॉ. शर्मा ने भारत की अर्थव्यवस्था का वैश्विक स्तर पर सहभागिता विषय पर अपना व्याख्यान दिया। साथ ही टैरिफ नीतियों, जीएसटी 2.0 , भारत एवं विश्व की अर्थव्यवस्था की परिस्थिति पर प्रकाश डालते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को दृढ़ बनाने हेतु अपना विचार साझा किया।डॉ. शर्मा द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डेटा के इस वर्तमान आधुनिक युग में छात्रों को कैरियर संबंधी चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही छात्रों को भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रभावी सहभागिता हेतु स्थानीय एवं स्वदेशी वस्तु एवं सेवाओं का उपभोग करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नागरत्ना गनवीर , निवेदिता मुखर्जी, प्रो. लिनेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ.पूजा पाण्डेय, प्रो.शंभू प्रसाद निर्मलकर, प्रो. विनीता, डॉ. ममता, प्रो.सतीश गोटा, आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने -अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## भिलाई में एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

# ऑटोमेशन टूल्स, रिस्पॉन्सिव डिजाइन और नए वेब तकनीकों पर बढ़ा रुझान, वेब डेवलपमेंट व एआई को आज की डिमांड

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विद्यार्थियों को नवीनतम वेब तकनीकों, फ्रेमवर्क्स और वर्तमान रुझानों से परिचित कराने के लिए श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा वेब डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑटोमेशन टूल्स तथा रिस्पॉन्सिव डिजाइन जैसे नवीनतम रुझानों पर भी प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने फ्रंट-एंड और बैक-एंड टेक्नोलॉजी पर विस्तार से चर्चा करते हुए फ्रेमवर्क्स की महत्ता बताई।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिटकोड के प्रबंध निदेशक संजीव शर्मा और वेब डेवलपमेंट विशेषज्ञ पी. जोशी उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक वेब विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।



### एप्लिकेशन डेवलपमेंट की दिशा में हो रहा बदलाव को बारे में बताया

अपने व्याख्यान में विशेषज्ञों ने फ्रंट-एंड और बैक-एंड टेक्नोलॉजी पर विस्तार से चर्चा करते हुए फ्रेमवर्क्स की महत्व को बताते हुए उन्होंने उपकरण वेबसाइट और एप्लिकेशन डेवलपमेंट की दिशा में हो रहा बदलाव को बारे में बताया। जिसमें फ्रंट एंड और बैक एंड दो अलग-अलग प्रकार की तकनीकें हैं जो एक सॉफ्टवेयर या वेबसाइट के कामकाज में भूमिका निभाती हैं। फ्रंट एंड वह हिस्सा है जो उपयोगकर्ता को दिखाई देता है और जिसके साथ वे सीधे इंटरैक्ट करते हैं, जैसे कि लेआउट, रंग और बटन। दूसरी ओर, बैक एंड वह पर्दे के पीछे का हिस्सा है जो डेटाबेस और सर्वर का प्रबंधन करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ ठीक से काम कर रहा है।

### निरंतर कौशल-विकास पर करें ध्यान केंद्रित

वक्ताओं ने कृत्रिम बुद्धि के बढ़ते प्रभाव, ऑटोमेशन टूल्स तथा रिस्पॉन्सिव डिजाइन जैसे नवीनतम रुझानों पर भी प्रकाश डाला। संजीव शर्मा ने विशेष रूप से बताया कि आने वाले समय में एआई आधारित वेब डेवलपमेंट का महत्व और भी बढ़ने वाला है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे व्यावहारिक ज्ञान, प्रोजेक्ट पर आधारित सीखने और निरंतर कौशल-विकास पर ध्यान केंद्रित करें।

### तकनीकी युग में वेब डेवलपमेंट का ज्ञान



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि आज के तकनीकी युग में वेब डेवलपमेंट का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उपयोगी है, चाहे वह किसी भी विषय का अध्ययन कर रहा हो। उन्होंने विभाग को ऐसे ज्ञानवर्धक और करियर-उन्मुख कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा, अनुसंधान और प्रशासन के क्षेत्र में वेब तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे अवसरों का लाभ उठाने और आधुनिक तकनीकों की गहरी समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष ठाकुर देवराज सिंह ने अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विभाग की सहायक प्राध्यापिकाएं पूनम यादव, डॉ. कविता कुशवाहा और माधुरी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों से संवाद किया।

## सिटी इवेंट

### सेवा-संवेदना स्वच्छता अभियान में वृद्धाश्रम में बांटी उपयोगी सामग्री



**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा ने शनिवार को अपने सेवा और स्वच्छता अभियान के माध्यम से मानवता, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था के सदस्य पुलगांव, दुर्ग, सेक्टर-8 एवं सेक्टर-2, भिलाई स्थित वृद्धाश्रमों तथा सेक्टर-3, भिलाई फील परमार्थ फाउंडेशन जो विक्षिप्त एवं निराश्रित जनों का आश्रय स्थल पहुंचे। यहां स्वच्छता एवं सेवा अभियान संचालित किया। परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर बनाए रखने के उद्देश्य से टीम के सदस्यों ने फिनाइल, डिटर्जेंट पाउडर, फल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया। इस सेवा अभियान में संस्था के प्रमुख सदस्य जी.एस.संधू, रामानुजन राजू, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, राजेश धारकर, जवाहर, शांतनु दासगुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। फील परमार्थ फाउंडेशन" के व्यवस्थापक इंजीनियर अमित राज ने टीम दिशा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था से प्रति माह प्राप्त हो रहे सहयोग से आश्रय स्थल को और अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित और स्वास्थ्यप्रद बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। टीम दिशा के वरिष्ठ सदस्य सुजीत चक्रवर्ती ने कहा कि जब किसी ज़रूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लौटती है, वही हमारे प्रयासों का सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। राजेश धारकर ने कहा कि वृद्धजनों और निराश्रितों की सच्ची मुस्कान ही दिशा की प्रेरणा है, जो हमें निरंतर सेवा और संवेदना की राह पर आगे बढ़ाती है। डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, और सेवा ही साधना। जब समाज मिलकर आगे बढ़ता है, तो मानवता का कारवां स्वयं दिशा पा लेता है। शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि दिशा का यह स्वच्छता एवं सेवा मिशन इस बात का प्रतीक है कि जब समर्पण और संवेदना साथ चलते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव अवश्य संभव होता है। संस्था के इस अभियान ने भिलाई शहर में समाजसेवा के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संदेश दिया है।

● वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह पर स्कूली बच्चों ने दी इंद्रधनुषी प्रस्तुति

# मैत्रीबाग जू में प्रकृति और प्रतिभा का सुंदरतम संगम, नौनिहालों ने दिया संदेश

**भिलाई।** मैत्रीबाग में आज शाम प्रकृति और प्रतिभा का सुंदरतम संगम हुआ। नौनिहालों ने अपनी आकर्षक कलात्मक प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। वन्य प्राणी संक्षण सप्ताह के समापन समारोह में सैड़स्कूली बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। खुशनुमा माहौल में अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया ।

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा के उद्यानिकी विभाग द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत हफ्तेभर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। बीएसपी और नान बीएसपी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण और समापन समारोह का रंगारंग आयोजन मैत्रीबाग के कैंडल गार्डन में हुए। इस अवसर पर सैकड़ों स्कूली बच्चों, पालकों के साथ विभाग के लोग उपस्थित थे। बच्चों ने अपनी इंद्रधुनषी सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने की। वन मंडलाधिकारी दुर्ग दीपेश कपिल विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और चित्रकला, भाषण आदि प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत किया। स्वागत प्रतिवेदन महाप्रबंधक एसबी श्रीनिवासन ने दिया। पूर्व में मैत्रीबाग प्रभारी व महाप्रबंधक डां. एनके जैन ने आयोजन पर प्रकाश डाला व आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।











**बच्चों की चित्रकला को अतिथियों ने सराहा**

वन्य प्राणी संरक्षण के तहत सैकड़ों बच्चे उस समय रोमांचित हो गए जब जब उन्हें मैत्रीबाग चिड़ियाघर का निशुल्क भ्रमण कराया गया। डां. जैन ने बताया कि आयोजन व जू विजिट से बच्चों को जू एजूकेशन भी देने का प्रयास किया जाता है। बच्चे चिड़ियाघर में वाइट टाइगर, भालू, क्रोकाडायल व आकर्षक पक्षी आदि देखकर खासे खुश हुए। समारोह में मृदुल गुप्ता, ललित कुमार, आरिफ खान, एके सिन्हा, गफ्फार खान, शंकरलाल अग्रवाल, संदीप नायडू, प्रेम साहू, मदन गोपाल सिंह, राजेश शर्मा, योगेश चंद्राकर, खीरू प्रसाद, चंद्रमणि चंद्राकर , किरण और हरिंदर आदि विभागीय लोगों का योगदान रहा।

### बच्चों की लोकरंगी प्रस्तुति से भाव-विभोर

अतिथियों ने कैंडल गार्डन परिसर में स्कूली बच्चों चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों की आकर्षक पेंटिंग्स का अवलोकन किया और सराहना की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी लोकरंगी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। स्वागत गीत के बाद पांरपरिक परिधानों में सजे छात्र छात्राओं ने सुमधुर संगीत पर मोहक राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। बाद एकल व समूह नृत्यों में भी भी पेंटिंग्स की तरह वन्य प्राणियों के संरक्षण का संदेश दिया। विविध आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का पालकों व अतिथियों ने सराहना की। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि वन्य संरक्षण जैसे महती कार्यक्रम ज्ञानवर्धक होने के साथ आने वाली पीढ़ियों को जागरुक करने वन्य प्राणी संरक्षण का संदेश भी देते हैं। श्री दत्ता ने कहा कि मैत्रीबाग द्वारा हर साल ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरुक किया जा रहा है। डीएफओ श्री कपिल ने वन्य जीवों के संरक्षण के लिए आयोजित कार्यक्रम व बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।

## धर्म लाइव

### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता अभियान, बात करें, चुप्पी तोड़ें




**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मानसिक जागरूकता रैली का केन्द्र बिंदु संवाद था। बात करे, चुप्पी तोड़े को मानसिक जागरूकता रैली का पंचलाइन था। मानसिक जागरूकता रैली को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया है। प्राचार्य ने रैली हेतु शुभकामनाएं दी और कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवश्यक है। स्वस्थ्य जीवन का आधार मन ही होता है। रैली में मनोविज्ञान के छात्र-छात्राओं द्वारा हिस्सा लिया गया। मनोविज्ञान छात्र परिषद और मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से कार्यक्रम आभार हुआ।

- मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरुकता जरूरी

## सिटी इवेंट

### बाजारों में रौनक लौटाने चलाया अभियान आया त्योहार चलो बाजार, किया जागरुक



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के आया त्योहार चलो बाजार अभियान के अंतर्गत रविवार को चौहान स्टेट, सुपेला गणेश मार्केट, श्रीराम हाइट्स तथा आम्रपाली परिसर में नागरिकों को जागरूक किया गया। चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने लोगों को इस दीपावली व त्योहारी सीजन में अपनी खरीदी लोकल बाजारों से करने की अपील की। जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिले और खुशियों की रौनक बाजारों में लौटे। अभियान के दौरान खुशियां मिलती हैं बाजारों में, ऑनलाइन नहीं का संदेश दिया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह विशेष रूप से इस अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चेम्बर का यह अभियान ऑनलाइन शॉपिंग के खिलाफ एक सशक्त अभियान है इस अभियान से लोकल बाजारों में रौनक बढ़ेगी। सुपेला गणेश मार्केट में कार्यक्रम प्रभारी दिलीप केशरवानी, विनोद प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। चौहान स्टेट में आशीष हमदेव, राम ओबेरॉय, गिरीश खापर्डे ने लड्डू उत्सव में ग्राहकों को लड्डू खिलाया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारंगी शंकर मिश्रा ने बताया कि भिलाई चेम्बर द्वारा यह जनजागरूकता अभियान लगातार विभिन्न बाजारों में चलाया जा रहा है, ताकि उपभोक्ता व व्यापारी के बीच आपसी विश्वास और संबंध मज़बूत हों तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। अभियान में महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कन्नोजे, सरोजनी पाणिग्रही, सविता शर्मा, मनोहर कृष्णानी, पवन जिंदल, चिन्ना राव, शिवराज शर्मा, सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देश राग महोत्सव-2025 का समापन

### राष्ट्रीय नृत्य व संगीत स्पर्धा में मिला जयपद्मा सम्मान, कलाकारों को मिली सराहना



भिलाई। नृत्यधाम कला समिति भिलाई के तत्वाधान में एसएनजी सेक्टर-4 के ऑडिटोरियम में चल रहे देशराग प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता समारोह के समापन अवसर पर 10 उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जयपद्मा सम्मान-2025 से सम्मनित किया गया। नृत्यधाम की डायरेक्टर गुरु डॉ. राखी रॉय के निर्देशन और संस्था के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जयपद्मा सम्मान के फाइनल राउंड का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के क्वालिफाइंग राउंड में प्रतिभागियों के प्रदर्शन और प्रश्नोत्तरी के आधार पर 25 प्रतियोगी चुने गए थे। फाइनल राउंड में निर्णायकों ने 15 प्रतिभागियों के प्रदर्शन की बारीकियों को परखा, जिनमें से 10 उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जयपद्मा सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया।

इस साल के आयोजन में लैरिना काशीपुरी कथक, शिवम् कथक, लिली चक्रवर्ती कथक, सृजिनी बैनर्जी भरतनाट्यम, कौशिकी भरतनाट्यम, एस. पावनी कूचीपुड़ी, अर्पित ओड़ीसी, हितस्मिता चक्रवर्ती रवींद्र नृत्य, प्रयाग पांडेय तबला और कुणाल कुमारी शास्त्रीय संगीत को जयपद्मा सम्मान दिया गया। रनर-अप प्रतिभागियों को संस्कृति सम्मान से पुरस्कृत किया गया। फाइनल राउंड के निर्णायक मंडल में कला क्षेत्र के ऋषिकेश पी. पोहनकर नागपुर, युवराज दिल्ली, दुष्यंत कुमार केपीएस कुटेलाभाटा, शोरमिष्ठा नंदी डीपीएस दुर्ग, प्रतिमा दासप्रिय, तनुश्री नागपुर और अनिता राजगुरु उड़ीसा शामिल थीं। कार्यक्रम के समापन समारोह में दर्शकों ने देशभर से आए प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन की जमकर सराहना की। इस दौरान स्थानीय कलाकारों और अभिभावक भी विशेष रुप से उपस्थित रहे।



## इतिहास, नियमों और महत्व जाना

### चेस ओरिएंटेशन वर्कशॉप में बच्चों ने सीखी बारीकियां



**भिलाई।** विद्यार्थियों को चेस के मूलभूत ज्ञान से परिचित कराने और इस खेल के मानसिक एवं शैक्षणिक लाभों को समझाने के लिए स्पोर्ट्स एज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यालय नेहरू नगर भिलाई में चेस ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने स्पोर्ट्स एज ने विद्यालय को 2 चेस बोर्ड भेंट किए।

कार्यक्रम की शुरुआत में विक्रम अवार्डी अंतरराष्ट्रीय चेस खिलाड़ी मनोज वर्मा का सम्मान किया गया। मनोज वर्मा ने विद्यार्थियों को चेस के इतिहास, नियमों और महत्व के बारे में बताया तथा बच्चों के साथ मित्रतापूर्ण मुकाबले भी खेले। विद्यालय के निर्देशक नील कमल सोनी ने स्पोर्ट्स एज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय ऐसे विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देगा जो चेस को पेशेवर रूप से सीखना चाहते हैं। स्पोर्ट्स एज ने आने वाले दिनों में भारत में खेलों के विकास के लिए इस प्रकार की और कार्यशालाओं का आयोजन किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर मनोज वर्मा चेस एकेडमी, सिद्धार्थ बोरकर, नील कमल सोनी, प्राचार्य और स्पोर्ट्स एज मैनेजर आदित्य श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

बदलते सामाजिक परिवेश में यज्ञ की महत्ता भी बताई गई

# पांच कुंडीय महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकली, गायत्री मंत्र के बीच लोगों ने दी पूर्णाहुति

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन अमलेश्वर के सांकरा गांव में हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन के पूर्व शनिवार को ग्रामीणों ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा झांकी कला मंच से प्रारंभ हुई और पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंच पहुंची। पीले वस्त्र धारण किए हुई महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर गायत्री महामंत्र का जाप करते हुए चल रही थी। उनके साथ पीछे ध्वज लेकर पुरूष भी चलते रहे। ग्राम सरपंच रवि सिगौंर की अगुवाई में ग्रामवासियों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलशयात्रा आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। आयोजन स्थल पर कलशों को विधिविधानपूर्वक रखवाया गया। आरती हुई। देवपूजन किया गया और प्रसादी बांटी गई।





### यज्ञ की महत्ता बताई

आयोजकों ने बताया कि समाज में इन दिनों अनेक विरक्तियां दिखलाई पड़ती है। जिसके कारण आज मानव जगत में काफी उथल पुथल मचा हुआ है इसके अनेक कारण है। उनमें से एक है सूक्ष्म जगत की परिस्थितियां। उन्हे दूर करने का एक महत्वपूर्ण उपाय सूक्ष्म जगत का परिशोधन है। सूक्ष्म जगत के परिशोधन में यज्ञ की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी भाव से गांव में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है।

### महायज्ञ में दी सैकड़ों लोगों ने पूर्णाहुति

पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में रविवार को समापन दिवस पर सैकड़ों ग्रामीणों ने पूर्णाहूति दी। गायत्री परिवार से जुड़े धर्मावलंबियों ने विधि-विधान से यज्ञ को संपन्न करवाया। गायत्री मंत्रोच्चार की गूंज इस गांव में सुनाई दी। इस मौके पर सरपंच रवि सिंगौर, पतिराम यादव, कमलेश सिंगौर, पुनीत पटेल, शिवकुमार सिंगौर, खुमान सिंगौर, जीवन बंजारे,तुलाराम सिंगौर पंच महेन्द्र पारधी पंच, संजय सिंगौर पंच, दीपक सिंगौर पंच, कामता सिंगौर मनहरण सिंगौर, संतोष सिंगौर, उग्रसेन सिंगौर, छोटू यादव, केशव सिंगौर सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### तीरंदाजी वैश्विक मुकाबले में दोहरा पदक लेकर लौटे तोमन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के तीरंदाज तोमन कुमार ने वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप दक्षिण कोरिया में गोल्ड मेडल और मिक्स टीम में शीतल कुमारी के साथ कांस्य पदक के साथ दोहरी सफलता हासिल की है। रायपुर लौटने के बाद तोमन कुमार ने उपमुख्यमंत्री अरुण साय से भेंट मुलाकात कर अपनी सफलता साझा की।

सब जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टोमन कुमार ने साउथ कोरिया वर्ल्ड आर्चरी टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया. उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। टोमन कुमार बालोद जिले के रहने वाले हैं और कुछ दिन पहले आईडी ब्लास्ट में उनका एक पर नक्सलियों द्वारा उड़ा दिया गया था। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और मात्र 3 साल में तीरंदाजी में अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। संघ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक कंपाउंड वर्ग में उनका स्कोर 700 के आसपास है और वह सामान्य श्रेणी में खेल कर भी मेडल ले रहे है।

### अनीस, युवराज और टिकेश्वरी अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई सेमिनार में



**रायपुर।** राजस्थान म्यूथाई संघ द्वारा चीनी ताइपे में भारतीय प्रतिभाशाली म्यूथाई खिलाड़ियों के ग्रेड बढ़ाने हेतू जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में एक अंतरराष्ट्रीय वन स्टैंडर्ड म्यूथाई (ओएसएम) सेमिनार, प्रशिक्षण और ग्रेडिंग कैम्प का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सेमिनार में भाग लेने रायपुर से अनीस मेमन, दंतेवाड़ा से टिकेश्वरी साहू छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने जयपुर रवाना हो गए है। इसी अंतराष्ट्रीय सेमिनार में जयपुर में ही एशियन यूथ गेम्स, बहरीन (यू ए ई) के लिए इण्डिया कैम्प कर रहे जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह भी शामिल होंगे। रायपुर के महेन्द्र साहू छत्तीसगढ़ दल के मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि सेमिनार में आईएफएमए महासचिव स्टीफन फॉक्स, एफएमएए महासचिव मरवयन तान, सर्टिफाइड अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक ग्रैंड मास्टर अर्जन छाव, ग्रैंड मास्टर अर्जन ईडी, अर्जन थानोंग द्वारा भारतीय निर्णायकगणों, प्रशिक्षकों की प्रशिक्षण उपरांत ग्रेडिंग की जाएगी जो आगामी राष्ट्रीय खेल मेघालय सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में चयनित कर अधिकारिक रूप से नियुक्त किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में म्यूथाई कोचिंग तकनीक, टूर्नामेन्ट में सही निर्णय लेने की बारीकियों के अलावा राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में लागू एंटीडोपिंग, स्पोर्ट्स मनोविज्ञान, स्पोर्ट्स इंजुरी मेडिसिन आदि विषयो पर भी जानकारी दी जाएगी।

### सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ टीम



**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 30वी सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दौसा/राजस्थान में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट टीम बालक एवं बालिका टीम प्रतिनिधित्व करेगी। बालक टीम में कप्तान आरुषि द्विवेदी, अभिराज सिंह, मोहम्मद रेहान, योगांश वीर सिंह, गोविंद, अंकित यादव, हर्षवर्धन, प्रतीक मांडवी, चंदन साहू, चंद्र साहू, रेहान, शशांक अग्रवाल, मोहम्मद फैजान, टीम के प्रशिक्षक के संदीप वर्मा, प्रबंधक प्रभात निगम, सहायक प्रबंधक सूरज साव, बालिका टीम में कप्तान पलक जोशी, कुमारी तेजस्विनी, कुमारी सत्या निषाद, नव्या बंजारे, तनिष्का कुमारी, मिस्टी ठाकुर, कुमारी चारु, कुमारी तृषा खेतान, कुमारी नूपुर, कुमारी सुधा, कुमारी चेतना, कुमारी लिश्का, कुमारी धन्नू, कुमारी डुमेश्वरी, टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद, प्रबंधक सपना महानंद, सहायक प्रबंधक सनम एवं भूमिता तथा बालक एवं बालिका टीम के मुख्य प्रबंधक संतोष प्रसाद हैं। समस्त खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल को दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के महासचिव बशीर अहमद खा एवं बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव एवं इस्पात क्लब सेक्टर 1 के सचिव वंश बहादुर सिंह एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट के सचिव आजाद अहमद खान ने शुभकामनाएं दी है।

## दुनिया की बड़ी आबादी अवसाद से घिरी, समय पर इलाज जरूरी

# डिप्रेशन से घिरे अपनों की पहले करें पहचान, साथ देंगे तो सुलझेगी समस्या


मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताओं में से एक हैं। साल 2019 के आंकड़ों के अनुसार हर आठ में से एक व्यक्ति या दुनियाभर में 970 मिलियन (97 करोड़) से अधिक लोग मानसिक विकार, चिंता और अवसाद के शिकार थे। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न नकारात्मक परिस्थितियों ने इस खतरे को और भी बढ़ा दिया है। स्ट्रेस-एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी समस्याएं साल-दर-साल बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना उसी तरह जरूरी है जैसा कि आप शरीर का ध्यान रखते हैं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर हैं, दोनों में से एक में भी होने वाली समस्या संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

मेंटल हेल्थ के संदर्भ में डिप्रेशन (अवसाद) काफी चर्चित शब्द रहा है। पर क्या आप जानते हैं कि डिप्रेशन होता क्या है, इसकी पहचान कैसे की जा सकती है और यदि किसी को डिप्रेशन हो जाए तो क्या करना चाहिए?

### बढ़ रहे हैं डिप्रेशन के मामले

आंकड़े बताते हैं कि अवसाद दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रमुख विकार है। हर तीन



में से एक महिला और पांच में से एक पुरुष को डिप्रेशन का शिकार पाया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डिप्रेशन मूड से संबंधित विकार है जिसके कारण व्यक्ति को लगातार उदासी और किसी काम में मन न लगने जैसी दिक्कत हो सकती है। यह आपके महसूस करने, सोचने और व्यवहार करने के तरीके को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। दुनियाभर में बढ़ती आत्महत्याओं के लिए भी डिप्रेशन को प्रमुख कारण माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिप्रेशन को गंभीर स्थिति बताते हैं, जिसमें समय रहते इलाज की आवश्यकता होती है। इलाज न होने पर कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं और यहां तक कि आत्मघाती विचार आने का भी खतरा हो सकता है।

### डिप्रेशन होता क्या है?

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ शैलबाला वर्मा बताती हैं, जीवन की कठिन परिस्थितियों जैसे कि नौकरी छूट जाने या तलाक, पारिवारिक समस्याओं को लेकर दुखी होना सामान्य बात है, हालांकि ये डिप्रेशन नहीं है। अवसाद कई



मायनों में अलग होता है, यह कुछ सप्ताह से लेकर कई महीनों तक रह सकता है।

डिप्रेशन किसी को भी हो सकता है चाहे वह बच्चा हो या वयस्क। अगर डिप्रेशन की समय पर पहचान या इलाज न हो पाए तो इसके कारण हार्ट अटैक-स्ट्रोक जैसी



जानलेवा समस्याओं का भी खतरा बढ़ जाता है।

### कैसे जानें कि किसी को डिप्रेशन है?

डॉक्टर वर्मा बताती हैं, अवसाद के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। सामान्य तौर पर इसमें व्यक्ति बहुत दुखी-निराश या चिंतित महसूस करता है। आपको उन चीजों से भी चिड़चिड़ापन हो सकता है जो पहले खुशी देती थीं। डिप्रेशन में लोग जल्दी चिढ़ने या गुस्सा होने लगते हैं। ये नींद को भी प्रभावित करती है, जिसके कारण या तो नींद नहीं आती या फिर बार-बार टूट जाती है।



# घर की आग्नेय कोण दिशा में क्या रखें और क्या नहीं

वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वास्तु शास्त्र में दिशाओं को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह मान्यता है कि प्रत्येक दिशा में एक विशिष्ट प्रकार की ऊर्जा होती है जो हमारे जीवन को प्रभावित करती है।

वास्तु के अनुसार, घर या किसी भी संरचना का निर्माण करते समय दिशाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि सकारात्मक ऊर्जा क प्रवाह सुनिश्चित हो सके और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखा जा सके। आपको बता दें, सूर्योदय की दिशा होने के कारण पूर्व दिशा को बहुत शुभ माना जाता है। इस दिशा में पूजा घर या अध्ययन कक्ष होना शुभ होता है। पश्चिम दिशा को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। इस दिशा में तिजोरी या धन रखने की जगह होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा को भगवान कुबेर की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पानी का स्रोत होना शुभ होता है। दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पैरों का होना शुभ नहीं माना जाता है।




उत्तर दिशा को देवताओं की दिशा माना जाता है। यहां पूजा स्थल बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पूर्व दिशा में अग्नि का देवता रहता है। यहां रसोईघर बनाना शुभ होता है। उत्तर-पश्चिम को वायु देवता की दिशा माना जाता है। यहां बच्चों का कमरा बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पश्चिम को पृथ्वी देवी की दिशा माना जाता है। यहां भारी सामान रखना शुभ होता है। अब ऐसे में घर की आग्नेय कोण दिशा में किन चीजों को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### क्या है आग्नेय कोण दिशा?

आग्नेय कोण वास्तु शास्त्र में एक महत्वपूर्ण दिशा है। इसे दक्षिण-पूर्व दिशा भी कहा जाता है। यह दिशा अग्नि तत्व से संबंधित है और इसमें ऊर्जा का स्तर काफी अधिक होता है। यह दिशा ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत मानी जाती है। आमतौर पर रसोई को इसी दिशा में बनाया जाता है क्योंकि अग्नि तत्व रसोई से जुड़ा हुआ है। इस दिशा में बहुत अधिक धातु या पानी का होना शुभ नहीं माना जाता है।

### आग्नेय कोण दिशा में न हो बेडरूम

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के विभिन्न कोणों का अलग-अलग महत्व होता है। आग्नेय कोण, जो दक्षिण-पूर्व दिशा में होता है, अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। इस कोण में अत्यधिक ऊर्जा होती है और यह गति, ऊर्जा और उत्साह से जुड़ा हुआ है। आग्नेय कोण की अत्यधिक ऊर्जा शांत नींद के लिए अनुकूल नहीं होती। यह बेचैनी, अनिद्रा और तनाव का कारण बन सकती है। वास्तु के अनुसार, आग्नेय कोण में बेडरूम होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं जैसे कि उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारियां और गुस्सा। इस कोण में बेडरूम होने से व्यक्तिगत संबंधों में तनाव और झगड़े बढ़ सकते हैं। आग्नेय कोण में बेडरूम होने से धन हानि हो सकती है। यदि आप एक सक्रिय और ऊर्जावान व्यक्ति हैं, तो आप अपना कार्यक्षेत्र आग्नेय कोण में बना सकते हैं।



# प्रांतीय खेलकूद में सरस्वती विहार की छात्राओं का दबदबा



**रायपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार रायपुर में प्रांतीय एवं क्षेत्रीय योगासन, बैडमिंटन और हैंडबाल खेलकूद 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जारी है। इसमें रविवार को विभिन्न खेलकूद हुए। जिसमें मुख्य अतिथि आंशु चन्द्रवंशी (पार्षद -पं दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर) और विशिष्ट अतिथि बद्रीनाथ केसरवानी (पूर्व व्यवस्थापक-सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर रायपुर)थे। अध्यक्षता निलेश अग्रवाल (सहसचिव - मां सरस्वती बाल कल्याण समिति) ने की। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार देने वाला विद्यालय माना जाता है और यही संस्कार सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों की पूंजी है। बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक विकास ज़रुरी है इसलिए शारीरिक विकास के लिए खेलकूद ज़रुरी है। उसके बाद समस्त अतिथियो द्वारा प्रांतीय खेलकूद में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दिया गया। जिसमें सरस्वती विहार में तरुण वर्ग की छात्राओं ने बैडमिंटन में प्रथम स्थान प्राप्त किया । उसके बाद विद्यालय द्वारा समस्त अतिथियो को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में बालक विभाग के प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित कर शान्ति पाठ के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश सिंह ठाकुर (सचिव - मां सरस्वती बाल कल्याण समिति) मानिक लाल साहू (राजिम एवं रायपुर विभाग के विभाग समन्वयक),दिवाकर स्वर्णकार (प्रांतीय खेलकूद प्रमुख), राम कुमार वर्मा (प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख), उत्तरा वर्मा (प्राचार्या-सरस्वती शिशु मंदिर कन्या विभाग सरस्वती विहार रायपुर), गिरीश चंद्र वर्मा (प्राचार्य - सरस्वती शिशु मंदिर बालक विभाग सरस्वती विहार रायपुर) और नेतराम शर्मा (वरिष्ठ आचार्य - सरस्वती विहार रायपुर) सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित थे।

# बाजार जैसा लच्छा पराठा बनाएं, स्वाद जीत लेगा सबका दिल

नाश्ता हो या फिर लंच व डिनर गर्मागर्म पराठे हर मौके पर लजीज लगते हैं। पराठे ग्रेवी सब्जी से ड्राई सब्जी तक के साथ खाने में स्वादिष्ट लगते हैं। अधिकतर लोगों को पराठा पसंद होता है। पराठे के तरह से बनते हैं। लेकिन जब पराठे में ढेर सारी परते होती हैं तो उसका स्वाद दोगुना हो जाता है।

### लच्छा पराठा बनाने का तरीका

गेहूं के आटे, मैदे और पानी को मिलाकर आटा गूंथ लें। आटा गूंथते



समय इसमें थोड़ा तेल या घी मिलाएं।आटे को 15 मिनट के लिए ढक कर अलग रख दें। अब आटे की एक बड़ी लोई बेलें। इस लोई में से 7 पतली लेयर्स काट लीजिए। फिर इन सातों लेयर्स पर तेल और सूखा आटा लगाइए और एक के ऊपर एक रखते जाइए। सातों परतों को एक के ऊपर एक रख कर मोड़कर लोई बना लीजिए। इस लोई को हल्के हाथों से बेलें। धीरे धीरे से पराठे का आकार दे दीजिए। अब गैस पर तवा रखकर गर्म करें और उसपर बेला हुआ पराठा रखें। स्टेप 8- पराठे को एक तरफ सेंक लें, हल्का भूरा होने पर पलट कर घी लगा लें। तब तक दूसरी तरफ भी सेंक लें। स्टेप 9- दूसरी तरफ भी घी लगाकर अच्छी तरह सेंक कर गरम गरम पराठा सर्व करें।

कार्नर न्यूज

## आपके ख्वाबों को पूरा करने मददगार साबित हो सकता है वास्तु

# विदेश में पढ़ाई का ख्वाब पूरा करना है तो अपनाइए कुछ जरूरी वास्तु टिप्स, जरूर मिलेगी सफलता

ऐसे कई लोग होते हैं, जिनकी यह इच्छा होती है कि वे विदेश जाकर पढ़ाई करें। एक बेहतर डिग्री की मदद से उनके तरक्की के रास्ते भी खुल जाते हैं। हालांकि, हर किसी का सपना पूरा हो जाए, ऐसा जरूरी नहीं है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें विदेश जाकर पढ़ाई करने की इच्छा होती है, लेकिन किसी ना किसी कारणवश उनकी राह में अड़चनें आ जाती हैं। ऐसे में व्यक्ति निराश हो जाता है। हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा हो। लेकिन अब आपको दुखी या परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसे कई वास्तु के उपाय होते हैं, जिन्हें अपनाने से आपको यकीनन लाभ मिल सकता है। वास्तुशास्त्री डॉ. विजयकांत भट्ट ऐसे ही उपायों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आपके विदेश जाकर पढ़ाई करने की संभावनाएं कई गुना बढ़ सकती हैं-

### करें गायत्री मंत्र का जाप

गायत्री मंत्र का जाप करने से विद्यार्थियों को ना केवल अच्छे विचार आते हैं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मकता भी बढ़ती है। इसलिए, जब आप सुबह उठते हैं तो उस समय



अपने घर के पूर्व दिशा की खिड़की खोलें और पूर्व दिशा की ओर मुख करके गायत्री मंत्र का जाप करें। अगर पूर्व दिशा में खिड़की नहीं है तो आप छत पर जा सकते हैं या फिर पार्क में भी जा सकते हैं।

### प्लास्टिक के सामान से बचें

चूंकि स्टडी टेबल आपकी पढ़ाई से जुड़ी है, इसलिए इसका गहरा प्रभाव आपकी शिक्षा पर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप अपनी स्टडी टेबल पर किसी तरह का प्लास्टिक का सामान रखने से बचें।

कोशिश करें कि आप प्लास्टिक की जगह कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर अगर शोपीस रखना चाहते हैं तो प्लास्टिक की जगह लकड़ी का बना हुआ शो पीस रखें।

### उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें डॉक्यूमेंट

आपको विदेश में जिस कोर्स में दाखिला लेना है या फिर आपकी स्टडी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स को आप हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। इससे इनमें पॉजिटिविटी बनी रहती है और आपके विदेश जाने के आसार अधिक बनते हैं। वहीं, अगर आपको



कोई मेडल या अवॉर्ड मिला है, तो उन्हें हमेशा उत्तर दिशा में रखें।

### बेकार की चीजों से बचें

हमेशा ध्यान रखें कि आप अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास बेकार की चीजें ना रखें। बेकार की चीजें जैसे रद्दी, पुरानी टूटी-फूटी चीजें या फिर खराब सामान आपके आसपास के औरा को खराब करता है। जिससे उस जगह पर नेगेटिविटी फैलती है। यह देखने में आता है कि जो लोग अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास इस तरह की बेकार की चीजें रखते हैं, उनके काम बनते-बनते बिगड़ने लगते हैं। आप यकीनन ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाहेंगे।


### उत्तर-पूर्व का कोना हो हल्का

हमेशा कोशिश करें कि आप जिस कमरे में रहते हैं या फिर पढ़ाई करते हैं, उसका उत्तर-पूर्व का कोना हमेशा खाली, हल्का और ठंडा होना चाहिए। उत्तर-पूर्व की दिशा पर ध्यान देने से भी विदेश जाकर पढ़ाई करने के रास्ते अग्रसर होते हैं। तो अब आप भी इन छोटे-छोटे उपायों को अपनाएं। आपको जल्द ही विदेश जाकर पढ़ाई करने का मौका अवश्य मिलेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्विफ्ट ने तोड़ा एडेल का दस साल पुराना रिकॉर्ड, एल्बम ने रचा इतिहास



पॉप म्यूजिक की दुनिया में एक बार फिर इतिहास लिखा गया है और इस बार नाम है टेलर स्विफ्ट। सिंगर का 12वां स्टूडियो एल्बम 'द लाइफ ऑफ ए शो गर्ल' रिलीज के साथ ही रिकॉर्ड तोड़ सफर पर निकल पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एल्बम ने सिर्फ एक हफ्ते में 3.5 मिलियन यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है, जिससे टेलर ने ब्रिटिश सिंगर एडेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। साल 2015 में एडेल का एल्बम '25' अपने पहले हफ्ते में 3.482 मिलियन यूनिट्स बेचकर एक मील का पत्थर बन गया था। तब से अब तक कोई कलाकार उस आंकड़े के करीब भी नहीं पहुंच सका था। लेकिन 2025 में टेलर स्विफ्ट ने यह मिथक तोड़ते हुए सिर्फ पांच दिनों में ही यह आंकड़ा पार कर लिया। खास बात यह है कि चार्टिंग वीक के दो दिन अभी भी बाकी हैं, यानी यह संख्या और भी बढ़ सकती है। इस एल्बम की सफलता के पीछे टेलर की मार्केटिंग स्ट्रेटेजी भी अहम रही। रिलीज से पहले लाखों फैंस ने एल्बम का प्री-ऑर्डर किया, जो पहले ही दिन की बिक्री में शामिल हुआ। इसके अलावा, टेलर ने लगातार नए वैरिएंट्स जारी किए। कभी बोनस ट्रैक्स के साथ डिजिटल एडिशन, तो कभी 24 घंटे के लिए लिमिटेड एक्सक्लूसिव रिलीज। इससे फैंस के बीच एल्बम को लेकर उत्सुकता बनी रही और बिक्री लगातार बढ़ती गई। एल्बम में कुल 12 गाने शामिल हैं, जिनमें 'द फेट ऑफ ओफेलिया', 'एलिजाबेथ टेलर' और टाइटल ट्रैक 'द लाइफ ऑफ ए शो गर्ल' शामिल हैं, जिसमें टेलर के साथ सबरीना कारपेंटर ने कोलैबोरेट किया है। एल्बम सीडी, विनाइल और कैसेट- तीनों फॉर्मेट्स में उपलब्ध है। संगीत समीक्षकों के अनुसार, टेलर ने इस बार पुराने हॉलीवुड ग्लैमर को आधुनिक पॉप साउंड के साथ जोड़ने की कोशिश की है। गौरतलब है कि टेलर स्विफ्ट ने अपने पिछले एल्बम 'द टॉर्चर्ड पोएट्स डिपार्टमेंट' के जरिए 2.61 मिलियन यूनिट्स की बिक्री

### टॉलीवुड

## शादी की खबरों पर तृषा का रिएक्शन, 'हनीमून' को लेकर कह दी यह बात



साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन की निजी जिंदगी को लेकर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि वो चंडीगढ़ के एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। हालांकि अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसे लेकर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने हनीमून का भी जिक्र भी किया है। अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने अपनी निजी जिंदगी और शादी से जुड़ी अटकलों पर बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मजाकिया अंदाज में एक स्टोरी साझा की है। उन्होंने कहा, 'मुझे अच्छा लगता है जब लोग मेरे लिए मेरी जिंदगी की योजना बनाते हैं। बस इंतजार है कि वे हनीमून भी तय करें।' रिपोर्ट के अनुसार, तृषा कृष्णन के माता-पिता चंडीगढ़ के एक व्यवसायी के साथ उनकी नई शादी के लिए राजी हो गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है और कहा जा रहा है कि दोनों परिवार कथित तौर पर कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। तृषा कृष्णन जल्द ही फिल्म 'विश्वंभरा'में नजर आएंगी। इस फिल्म में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'विश्वंभरा' की कहानी रहस्य, रोमांच से भरी है। तृषा और चिरंजीवी के अलावा फिल्म में आशिका रंगनाथ और कुणाल कपूर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। इस फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक एमएम कीरवानी ने तैयार किया है।

### भोजपुरी

## 'अहिरान के जाति' में छा गया टुनटुन और सपना का नया धमाल



टुनटुन यादव और खुशी कक्कड़ की आवाज में भोजपुरी का नया धमाका 'अहिरान के जाति' ने भोजवुड के दीवानों में धूम मचा दी है। गाने को जहां लाखों व्यूज मिल चुके हैं, वहीं हजारों कॉमेंट्स भी आ चुके हैं। म्यूजिक वीडियो में टुनटुन यादव के साथ सपना चौहान हैं। भोजपुरी संगीत जगत में एक बार फिर देसी जोश और गर्व से भरा धमाकेदार गाना छा गया है। टुनटुन यादव और खुशी कक्कड़ की दमदार आवाज में 'अहिरान के जाति' गाना धूम मचा रहा है। यूट्यूब पर 'जेएमएफ भोजपुरी' के ऑफिशियल चैनल पर रिलीज इस गाने को 2.35 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, वहीं 8.8 हजार से अधिक लाइक्स और 1 हजार से अधिक कॉमेंट्स इसकी सफलता की तस्दीक कर रहे हैं। 'अहिरान के जाति' एक जोशीला गाना है, जिसके म्यूजिक वीडियो में भोजपुरी की ग्लैमरस स्टार सपना चौहान अपनी दिलकश अदाओं से चार चांद लगा रही हैं। गाने के बोल, संगीत और फिल्मांकन, सब भोजपुरी के दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। 'अहिरान के जाति' में ग्रामीण परिवेश, लोकगौरव और आधुनिक प्रस्तुति का संगम है। गीत में न केवल अहिर समाज की परंपराओं और मेहनतकश जीवन की झलक दिखाई देती है, बल्कि यह गाना अपनी ऊर्जा और लय से हर वर्ग के लोगों को जोड़ रहा है। इस गीत के बोल बिट्टू विद्यार्थी ने लिखे हैं, जबकि संगीत निर्देशन का जिम्मा संभाला है नितीश विद्यार्थी ने।




लैनविनविक्टर वर्जिल, पीटर व्हाइट और एस्ट्रोप जैसी मॉडल ने इस मौसम में पर्पल यानि बैंगनी रंग को प्राथमिकता दी है। तीनों मॉडल जानती हैं कि इस मौसम का यह रंग चंचल होता जाता है। न्यू/यार्क फैशन वीक के रनवे पर बैंगनी रंग के सभी शेड्स छाए हुए थे। मिउ मिउ में बूट्स, वर्साचे में कोट, अल्तुज़रा में ड्रेसेस और गुच्ची में बॉटम्स तक सभी बैंगनी हो गए। जाहिर है तीनों मॉडल को तारीफ भी खूब मिली।

## लंबे-घने बालों पर ठहर जाएंगी सबकी नजरें, घी में इसे मिलाकर लगाइए

लंबे-घने बाल ज्यादातर महिलाओं को पसंद होते हैं। लेकिन, आजकल कहीं न कहीं लंबे-घने और हेल्दी बाल पाना भी किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। आज के समय पर कई कारणों के चलते, बालों की मनचाही ग्रोथ पाना मुश्किल हो गया है। बालों का झड़ना, समय से पहले सफेद होना, पतला और कमजोर होना, ये कुछ ऐसी दिक्कतें हैं, जिनसे लगभग सभी महिलाएं परेशान हैं। कई बार महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का असर भी बालों पर कुछ वक्त के लिए ही रहता है। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स बालों को खराब भी कर सकते हैं। ऐसे में बालों और स्किन को हेल्दी बनाने में घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं। अगर आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है, झड़ते-झड़ते बालों की ग्रोथ आधी हो गई है, तो आपको इस नुस्खे को आजमाना चाहिए। इस बारे में हेल्थ और ब्यूटी एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।



### बालों में लगाएं घी और बादाम

दो बादाम को पीस लें। इसमें 3 टेबलस्पून घी को मिला लें। घी में बादाम को हल्का भूरा होने तक भूनें। इससे बालों की जड़ों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। इसे हफ्ते में 2 बार लगाएं। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए इस नुस्खे की मदद लें। साथ ही, हेल्दी डाइट पर भी ध्यान दें। अगर आपको बालों को लंबा, घना और मुलायम बनाने का यह उपाय पसंद आया हो, तो इस आर्टिकल को शेयर करना न भूलें। साथ ही, इस आर्टिकल पर अपनी राय हमें उपर दिए गए कमेंट सेक्शन में जरूर बताएं। ऐसे अन्य आर्टिकल पढ़ने के लिए हरजिंदगी को फॉलो करें।

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल, लगेंगी बेहद खूबसूरत



स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।



### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के खूबसूरत डिजाइंस, मिलेगी तारीफ

चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन



आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### सुई धागा इयररिंग डिजाइन

सुई धागा डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। इस तरह के में आपको डबल इयररिंग्स डिजाइन और इयरकफ स्टाइल इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों को हैवी लुक भी देने में मदद करेंगे।

**कार्नर न्यूज**

### क्या बियर्ड पुरुषों को आकर्षक महसूस करा सकती है

## बियर्ड रखना आपकी मर्जी लेकिन इसके पीछे का 'साइंस' भी जानना जरूरी, सिर्फ आकर्षण ही नहीं है इसकी वजह

क्या आपने बियर्ड रखने से पहले कभी ये सोचा है कि आखिर आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? संभव है आपने कभी नहीं सोचा होगा। बियर्ड पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार ये एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कई अलग-अलग परिणाम अब तक प्राप्त हो चुके हैं।

एक अध्ययन से पता चलता है कि दाढ़ी वाले पुरुषों की अपराध करने की अधिक संभावना रहती है। इसके विपरीत, एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि बियर्ड रखने से व्यक्ति की विश्वसनीयता बढ़ती है। हालांकि, बियर्ड और मर्दानगी के बीच भी एक मनोवैज्ञानिक संबंध है, जो असल में पुरुषों की आक्रामकता से जुड़ा हुआ है।

इसी क्रम में हाल ही में की गई एक रिसर्च में बियर्ड रखने के एक 'सकारात्मक' कारण की खोज की गई। इस रिसर्च में ये जानकारी जुटाने की कोशिश की गई कि क्या दाढ़ी रखने से आदमी आकर्षक महसूस करता है?



### क्या बियर्ड पुरुषों को आकर्षक महसूस करा सकती है?

हाल ही में हुए एक सर्वे में पाया गया है कि बियर्ड के साथ पुरुष ज्यादा कॉन्फिडेंट होते हैं। पांच में से एक व्यक्ति परफेक्ट बियर्ड पाने के लिए एक साल तक प्यार करना भी छोड़ देता है। हालांकि ज्यादातर पुरुष परफेक्ट बियर्ड के बदले में सेक्स करना नहीं छोड़ते, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि उन्हें बियर्ड रखना पसंद नहीं है। कई अध्ययनों और विशेषज्ञों ने एक पुरुष की दाढ़ी और आत्मविश्वास के बीच संबंध का अध्ययन किया है।

### बढ़ता है आत्मविश्वास

इस सर्वेक्षण के अनुसार बियर्ड रखने से आपके आत्मविश्वास में सुधार हो सकता है। इसके अलावा दाढ़ी ताकत, मर्दानगी और अन्य सकारात्मक विशेषताओं का एक प्राचीन प्रतीक भी है, जो आईने में देखने पर आपके आत्म-सम्मान को बढ़ा सकती है। इसके अलावा जब आपके पास एक शानदार बियर्ड होती है, तो आप तुरंत किसी भी भीड़ से अलग हो जाते हैं। एक शानदार बियर्ड वाला व्यक्ति पार्टी में न सिर्फ अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराता है, बल्कि वहां मौजूद महिलाओं को भी अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल होता है। हालांकि अगर आप इतिहास की किताबें पढेंग़े तो दाढ़ी को शक्ति और धन के साथ भी जोड़ा गया है, लेकिन बियर्ड को पुरुषों में सम्मानजनक परिपक्वता के संकेत के रूप में देखना ज्यादातर लोग पसंद करते हैं।

बियर्ड बढ़ाना बेहद मुश्किल है। अपनी बियर्ड को बेहतरीन दिखाने के लिए स्वस्थ भोजन करना चाहिए और खूब पानी पीना चाहिए।

